www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:02 बजे
सूर्यास्त शाम 6:46 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-214 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# होर्मुज से सेफ निकलने को ईरान ने जारी किया मैप

## सीजफायर का मजाक



इजराइल ने राजधानी बेरूत में कई जोरदार धमाकों से भारी तबाही मचाई।

■ **लेबनान पर हमले में 254 लोगों की मौत, 1100 से ज्यादा लोग घायल**

एजेंसी | तेल अवीव/तेहरान

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है। इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है। पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है। ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने बेरूत में हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम के भतीजे अली यूसुफ खारशी को मार गिराया। इजराइली सेना के मुताबिक खारशी, नईम कासिम के निजी सचिव और करीबी सलाहकार थे। साथ ही दफ्तर के संचालन और सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते थे। IDF ने बताया कि यह कार्रवाई बेरूत क्षेत्र में टारगेटेड स्ट्राइक के जरिए की गई। रातभर दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई की गई। इसके अलावा 10 हथियार भंडार, लॉन्चर और हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए गए। स्पेन ने ईरान में अपना दूतावास फिर से खोलने का ऐलान किया है, जबकि चीन और फ्रांस ने सभी पक्षों से संयम बरतने और शांति बहाल करने की अपील की है।

**लेबनान सीजफायर का हिस्सा नहीं: इज़रायल**

इज़रायल ने लेबनान में अब तक का सबसे बड़ा समन्वित हमला करते हुए खबर लिखे जाने तक 254 से अधिक लोगों की जान ले ली, जबकि 1,100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इज़रायली सेना के मुताबिक, बेरुत, बेका घाटी और दक्षिणी लेबनान में 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ किया कि लेबनान सीजफायर का हिस्सा नहीं है और हिज़्बुल्लाह पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**ईरान-अमेरिका तनाव बढ़ा, ट्रंप की सख्त चेतावनी**

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि जब तक "पूर्ण समझौता" लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना क्षेत्र में तैनात रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर ईरान ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

**हमले जारी रहे तो सीजफायर नामंजूर: ईरान**

दो सप्ताह के संघर्ष विराम के बावजूद दोनों देशों के बीच मतभेद बढ़ते दिख रहे हैं। ट्रंप ने पहले भी होर्मुज को लेकर सख्त रुख अपनाया था। वहीं ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरान का कहना है कि लेबनान में जारी हमले, एयरस्पेस उल्लंघन और यूरेनियम संवर्धन अधिकार पर रुख बदलना समझौते के खिलाफ है। ईरान ने साफ कहा है कि लेबनान में हमले जारी रहते हुए सीजफायर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## न्यूज ब्रीफ

### पैरी मौत में भारतीय महिला को सजा

नई दिल्ली| हॉलीवुड के टीवी शो 'फ्रेंड्स' के अभिनेता मैथ्यू पैरी की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में अदालत ने भारतीय मूल की महिला जसवीन संघा को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। जसवीन को 'केटामाइन क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है। जसवीन संघा ने पिछले साल सितंबर में पांच आरोपों को स्वीकार किया था। इनमें केटामाइन बेचने का आरोप भी शामिल था, जिसे मैथ्यू पैरी की मौत की बड़ी वजह माना गया। पैरी अक्टूबर 2023 में अपने घर के हॉट टब में मृत पाए गए थे।

### फूड पॉइजनिंग से 60 लोग बीमार

अहमदाबाद| अहमदाबाद के देत्रोज तालुका के राजपुरा गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। नाश्ता करने के बाद 60 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। सभी मरीजों को कड़ी के भाग्योदय अस्पताल समेत अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार 40-50 मरीजों का इलाज चल रहा है और सभी की हालत नियंत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव पहुंचकर जांच में जुट गई हैं और खाद्य सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

### कांग्रेस नेता अधीर रंजन बाल-बाल बचे

मुर्शिदाबाद | पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के काफिले को ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना कंडी-बहरामपुर स्टेट हाईवे पर रात करीब 9 बजे हुई, जब वे चुनाव प्रचार के बाद लौट रहे थे। टक्कर एस्कॉर्ट वाहन को लगी, जिसमें कई सुरक्षाकर्मी और स्टाफ घायल हो गए। समय रहते ड्राइवर द्वारा ब्रेक लगाने से बड़ा हादसा टल गया। कांग्रेस ने इसे साजिश करार दिया है, जबकि पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू कर दी है। चुनाव आयोग ने भी पूरे मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इस घटना में केतन जायसवाल घायल हो गए। केतन अधीर चौधरी के मीडिया सेल के चेयरमैन हैं।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# बंगाल में पीएम मोदी ने रैली में दीं छह गारंटियां, TMC पर जड़े तीखे आरोप

एजेंसी | कोलकाता/हल्दिया

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल गरमा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हल्दिया समेत कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (TMC) सरकार पर जमकर निशाना साधा और बीजेपी की ओर से छह गारंटियों के साथ नया नारा दिया—"सबका साथ, सबका विकास और लुटेरों का हिसाब"।

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं, बल्कि "विकसित बंगाल" की नींव रखने का अवसर है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य को विकास, रोजगार और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पीछे धकेल दिया है। उन्होंने जनता से बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि अब बंगाल को नई दिशा देने का समय आ गया है।

**छह गारंटियों का ऐलान**

प्रधानमंत्री ने बीजेपी की छह प्रमुख गारंटियां गिनाते हुए कहा कि सत्ता



में आने पर भय की जगह भरोसा कायम किया जाएगा, भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा, पुराने मामलों की फाइलें खोली जाएंगी और कानून सबका हिसाब करेगा। इसके अलावा घुसपैठियों पर कार्रवाई और सरकारी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने का भी वादा किया गया।

**युवाओं और रोजगार पर हमला**

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल के युवाओं को "डबल धोखा" दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्राइवेट सेक्टर खत्म हो चुका है और सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। उनके मुताबिक, भ्रष्टाचार ने युवाओं और उनके परिवारों के सपनों को तोड़ दिया है, जिससे पलायन बढ़ा है।प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि राज्य में माताओं-बहनों का जीवन असुरक्षित हो गया है और अपराध बढ़ रहे हैं।

### *महिला आरक्षण बिल उम्मीदों की झलक: मोदी*

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण बिल को लेकर वीडियो संदेश जारी करते हुए इसे देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने का ऐतिहासिक अवसर है। पीएम ने सभी सांसदों से इस बिल के समर्थन की अपील करते हुए कहा कि "जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो समाज भी आगे बढ़ता है।" उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल को संसद में इस अहम बिल पर चर्चा होगी। उन्होंने जोर दिया कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है, क्योंकि इससे निर्णय प्रक्रिया और शासन की गुणवत्ता बेहतर होती है।

# असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव में भारी मतदान, दिग्गजों ने डाले वोट

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के तीन राज्यों असम, केरल और पुडुचेरीमें आज एक ही चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। कुल 296 सीटों पर वोटिंग हो रही है।

सुबह 11 बजे तक असम में 38.92%, केरल में 33.28% और पुडुचेरी में 37.06% जबर्दस्त मतदान दर्ज किया गया। दोपहर एक बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, असम में सबसे अधिक 59.63 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुदुचेरी में 56.83 प्रतिशत और केरल में 49.70 प्रतिशत वोट पड़ चुके हैं। केरल की 140 और पुदुचेरी की 30 सीटों पर जनता अपने भविष्य का फैसला कर रही है।

तीनों राज्यों में शांतिपूर्ण मतदान के बीच कई प्रमुख हस्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ममूटी ने कोच्चि में पत्नी के साथ वोट डाला, जबकि मोहनलाल ने भी मतदान कर लोगों को जागरूक किया। शशि थरूर और ए.के. एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला।

असम में हिमंता बिस्व सरमा, केरल में पिनाराई विजयन और पुडुचेरी में एन. रंगास्वामी भी मतदान के लिए पहुंचे।

असम में 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि केरल में 2.71 करोड़ मतदाता 890 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर रहे हैं। पुडुचेरी में 294 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार करीब 10 लाख नए मतदाता भी मतदान कर रहे हैं।

जोरहाट (असम) में राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने अपना वोट डाला और कहा कि चुनाव के बाद एक 'शक्तिशाली, निडर, आत्मविश्वासी और नया असम' उभरेगा। अपनी मां डॉली गोगोई के साथ वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य में नई सरकार सभी लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करेगी।



# बांग्लादेश ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग दोहराई

■ **भारत वीजा प्रक्रिया में ढील देगा**

एजेंसी | नई दिल्ली/ढाका

बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भारत दौरे के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग एक बार फिर उठाई। यह मुद्दा नई सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली बार आधिकारिक स्तर पर भारत के सामने रखा गया है।

रहमान ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस दौरान भारत ने संकेत दिया कि जल्द ही बांग्लादेशी नागरिकों, खासकर मेडिकल और बिजनेस वीजा में ढील दी जाएगी।

दोनों देशों ने ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई। वहीं बांग्लादेश ने डीजल और उर्वरक आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध भी किया, जिस पर भारत ने सकारात्मक रुख दिखाया।

हालांकि, हसीना के प्रत्यर्पण का मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ेगा ताकि द्विपक्षीय संबंधों पर असर न पड़े। दोनों पक्षों ने आपसी विश्वास और सहयोग के आधार पर रिश्तों को मजबूत करने पर जोर दिया।

# US दौरे पर मिस्री का रक्षा और तकनीक सहयोग पर फोकस

एजेंसी | वाशिंगटन

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री इन दिनों अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उच्च स्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया।

**रक्षा सहयोग को नई दिशा:-** मिस्री ने पेंटागन में अमेरिकी रक्षा अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें अधिग्रहण और स्थिरता के अवर सचिव माइकल डफी भी शामिल रहे। बातचीत का मुख्य फोकस रक्षा उपकरणों की खरीद से आगे बढ़कर दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक तंत्र को मजबूत करना रहा। दोनों पक्षों ने रक्षा



आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने और 'प्रमुख रक्षा साझेदारी' के तहत संयुक्त उत्पादन व तकनीकी विकास पर जोर दिया। इससे भविष्य में आधुनिक सैन्य तकनीक के क्षेत्र में साझा प्रयासों की संभावना बढ़ेगी।

**व्यापार और तकनीकी साझेदारी पर चर्चा:-** विदेश सचिव ने अमेरिकी वाणिज्य विभाग के अधिकारियों—जेफरी केसलर और विलियम किमिट—के साथ भी बैठक की। इसमें व्यापार सहयोग, निर्यात नियंत्रण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

**रणनीतिक रिश्तों को मजबूती:-** यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब हालिया व्यापारिक मतभेदों के बाद दोनों देश रिश्तों को नई दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस यात्रा से रक्षा, व्यापार और तकनीक के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग और गहरा होगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हाशेम का निधन

कोलकाता| दिग्गज कांग्रेस नेता दिवंगत एबीए गनी खान चौधरी के भाई और पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हाशेम खान चौधरी का बुधवार रात निधन हो गया। निधन के समय उनकी आयु 89 वर्ष थी। वे लंबे समय से वृद्धावस्था से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे। उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन से विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मालदा जिले के राजनीतिक हलकों में शोक की लहर फैल गई है। अंतिम समय में उनकी पत्नी उनके साथ अस्पताल में मौजूद थीं। उनके पुत्र तथा कांग्रेस नेता ईशा खान चौधरी कोलकाता से मालदा पहुंचने के बाद अपने पिता के निधन की सूचना मिली।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### पीएम मोदी-नीतीश मुलाकात पर टिकी नजरें

# अब दिल्ली में तय होगा बिहार का भविष्य

एजेंसी | पटना

बिहार की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिल्ली दौरा इस समय सबसे अहम माना जा रहा है, जहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बैठक में बिहार की नई राजनीतिक दिशा तय हो सकती है।

**सीएम चेहरे को लेकर सस्पेंस बरकरार**

बिहार में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसे लेकर कयासों का दौर जारी है। चर्चा है कि इस बार भाजपा का मुख्यमंत्री बन सकता है। हालांकि अभी तक किसी नाम पर आधिकारिक मुहर नहीं लगी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम प्रमुख दावेदारों में सामने आ रहा है, लेकिन पार्टी की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।



**दिल्ली दौरा क्यों अहम?**

नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद उनके इस्तीफे की संभावना जताई जा रही है। बिहार लौटने पर एनडीए घटक दलों की बैठक होगी, जिसमें नई सरकार के गठन पर अंतिम फैसला लिया जा सकता है। ऐसे में दिल्ली में होने वाली बैठकों को निर्णायक माना जा रहा है।

**एनडीए में फॉर्मूला तय होने के संकेत**

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री भाजपा से और उपमुख्यमंत्री जदयू से हो सकता है। जदयू में भी नए चेहरों को लेकर चर्चा तेज है। कुछ नामों में नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले लोगों की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। हालांकि अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व ही करेगा।

**नया चेहरा या जातीय समीकरण?**

विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा इस बार कोई नया और अपेक्षाकृत कम विवादित चेहरा सामने ला सकती है। साथ ही अति पिछड़ा वर्ग (EBC) के नेता को मुख्यमंत्री बनाने की रणनीति भी अपनाई जा सकती है, क्योंकि यह वर्ग चुनावी गणित में अहम भूमिका निभाता है।

**दिल्ली में होगी अहम बैठकें**

दिल्ली में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक भी प्रस्तावित है, जिसमें बिहार के वरिष्ठ नेताओं के साथ राष्ट्रीय नेतृत्व भी शामिल होगा। माना जा रहा है कि इसी दौरान मुख्यमंत्री चेहरे पर अंतिम सहमति बन सकती है।

**औपचारिकता बन सकती है गठबंधन बैठक**

हालांकि एनडीए के सभी सहयोगी दलों के साथ भी बैठक होगी, लेकिन उसे महज औपचारिक प्रक्रिया माना जा रहा है। असली फैसला भाजपा और जदयू के शीर्ष नेताओं के बीच ही तय होगा। कुल मिलाकर, नीतीश कुमार का यह दिल्ली दौरा बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि दिल्ली में होने वाली बैठकों के बाद राज्य को नया मुख्यमंत्री कब और कौन मिलता है।



# पटियाला में नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी खोखली निकली

## पंजाब गवर्नर के प्रस्तावित दौरे से पहले अलर्ट; सर्च ऑपरेशन जारी

समर न्यूज़ | पटियाला

पंजाब के पटियाला में वीरवार को उस समय हड़कंप मच गया जब करीब 12 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ईमेल मिली। धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी स्कूलों को खाली करवा दिया और बच्चों को सुरक्षित घर भेज दिया गया। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के प्रस्तावित दौरे से पहले शहर के कई नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यादविंद्रा पब्लिक स्कूल समेत कई शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाए जाने की सूचना के बाद स्कूलों में छुट्टी कर दी गई और अभिभावकों में चिंता का माहौल बन गया।



सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंच गए। डीएसपी गुरबख्श सिंह बैंस ने बताया कि स्कूल परिसरों की गहन तलाशी ली जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

पुलिस साइबर सेल की मदद से धमकी के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत देने की अपील की गई है।

जानकारी के मुताबिक, यह धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी, जो कई बड़े स्कूलों को प्राप्त हुई। इनमें भूपिंद्रा इंटरनेशनल स्कूल समेत अन्य नामी स्कूल शामिल बताए जा रहे हैं। जैसे ही ईमेल स्कूल प्रिंसिपलों तक पहुंची, तुरंत अलर्ट जारी किया गया और एहतियातन छुट्टी घोषित कर दी गई।

मौके पर पुलिस प्रशासन, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमें पहुंच गईं। स्कूल परिसरों को पूरी तरह खाली करवाकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हर कोने की जांच की जा रही है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को टाला जा सके।

**▪ नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु**

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। शुरुआती जांच में अब तक किसी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने अभिभावकों को भी सूचित कर दिया है और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

**▪ पहले भी कई संस्थानों को मिल चुकी है धमकी**

गौरतलब है कि इस तरह की धमकी भरी ईमेल का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले चंडीगढ़ की अदालतों समेत कई संस्थानों को भी इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। फिलहाल पुलिस ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है।

## पंजाब में बड़ा आतंकी हमला नाकाम, BKI मॉड्यूल का भंडाफोड़

समर न्यूज़ | अमृतसर

पंजाब में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) से जुड़े एक मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई केंद्रीय एजेंसियों, अमृतसर देहात पुलिस, गुरदासपुर पुलिस और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (SSOC) अमृतसर के संयुक्त ऑपरेशन में की गई। गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे और राज्य में शांति भंग करने की बड़ी साजिश रच रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है, जिसमें 5 हैंड ग्रेनेड, 2 डिटोनेटर, टाइमर डिवाइस, बैटरी और करीब 1 किलो उच्च क्षमता का विस्फोटक शामिल है। इस मामले में गुरदासपुर के कलानौर थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नशे से परेशान युवक पुलिस की टोपी-डंडा लेकर भागा

समर न्यूज़ | जालंधर

पंजाब में नशे की समस्या के बीच एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बिलगा थाना क्षेत्र में सुनर कलां गांव का एक युवक नशे से परेशान होकर पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचा, लेकिन जब उसकी बात नहीं सुनी गई तो उसने गुस्से में पुलिस की टोपी और डंडा उठाकर वहां से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक युवक ने इलाके में नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि जब पुलिस ने उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया तो वह भड़क गया और मौके से पुलिस का सामान लेकर निकल गया। इसके बाद उसने बाहर खड़ी पुलिस गाड़ी को भी स्टार्ट करने की कोशिश की, लेकिन सफल न होने पर अपनी बाइक से भाग निकला।

बताया जा रहा है कि युवक पुलिस की टोपी पहनकर और डंडा लेकर



कंदोला खुर्द गांव पहुंच गया, जहां उसने एक परिवार को नशा न बेचने की चेतावनी भी दी। परिवार ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे बहाने से घर के अंदर बुलाया और काबू कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर टोपी और डंडा बरामद कर लिया। थाना प्रभारी गुरशरण सिंह ने स्पष्ट किया कि घटना थाने के अंदर नहीं बल्कि नाके पर हुई थी।

फिलहाल पुलिस ने युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और कहा है कि "युद्ध नशे विरुद्ध" अभियान को और प्रभावी बनाने की जरूरत है।

## गैलगोटियास विवि के विज्ञापनों पर सोशल मीडिया में उड़ी खिल्ली

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

गैलगोटियास यूनिवर्सिटी एक बार फिर विवादों में घिर गई है। हाल ही में जारी किए गए फुल-पेज विज्ञापनों में खुद को "ग्लोबली रैंक्ड" और "भारत का नाम रोशन करने वाली संस्था" बताने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। यूजर्स ने विज्ञापनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए जमकर मीम्स और व्यंग्य किए। कई लोगों ने इसे हाल ही में हुए AI समिट विवाद से जोड़ते हुए संस्था की साख पर भी सवाल खड़े किए। दरअसल, India AI Summit के दौरान भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के स्टॉल को हटाने के लिए कहा गया था। आरोप था कि "ओरियन" नाम से दिखाया गया रोबोट असल में Unitree Go2 था, जिसे चीन की कंपनी Unitree Robotics बनाती है। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी को लेकर आलोचना तेज हो गई।

# दिल्ली पुलिस का 'ऑपरेशन साय-हॉक 4.0': 600 से ज्यादा गिरफ्तार

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन साय-हॉक 4.0' के तहत 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 8,300 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। यह अभियान 6 से 7 अप्रैल 2026 के बीच चलाया गया, जिसमें करीब 5,000 पुलिसकर्मी शामिल रहे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (आईएफएसओ) रजनीश गुप्ता के मुताबिक, इस ऑपरेशन का उद्देश्य संगठित साइबर ठग गिरोहों की वित्तीय और ऑपरेशनल नेटवर्क को तोड़ना था। कार्रवाई के दौरान 3,564 शिकायतों से जुड़े 'म्यूल अकाउंट' सामने आए, जिनके जरिए करीब 520 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी।

पुलिस ने बताया कि कुल 667 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 752 को पाबंद किया गया और 2,200 से अधिक संदिग्धों को नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में 499 नई एफआईआर दर्ज की गईं और 324 पुराने मामलों को भी सुलझाया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ लोग कमीशन के बदले अपने बैंक खाते उपलब्ध कराते थे, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम निकालने के लिए किया जाता था। ऐसे मामलों में एक नामी रेस्टोरेंट चेन के मालिक का बेटा भी शामिल पाया गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

अभियान के दौरान कई अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ कर उन्हें बंद कराया गया। इन कॉल सेंटरों के जरिए नौकरी के फर्जी ऑफर, डिजिटल अरेस्ट और कस्टमर केयर बनकर ठगी की जा रही थी।

छापेमारी में पुलिस ने बड़ी मात्रा में मोबाइल फोन, लैपटॉप, हार्ड डिस्क, सिम कार्ड, डेबिट-क्रेडिट कार्ड और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए हैं। यह अभियान गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से चलाया गया।

**सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट पर किया एंटी-हाइजैकिंग अभ्यास**

देश में किसी भी आतंकी हमले की स्थिति में खुद को तैयार रखने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डे (आईजीआई) पर वार्षिक एंटी-हाइजैकिंग अभ्यास किया। इस अभ्यास का नेतृत्व डीआईजी बाबू राम ने किया और इसमें वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विधायक पठानमाजरा बठिंडा जेल शिफ्ट

समर न्यूज़ | पटियाला

आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को गुरुवार सुबह पटियाला से बठिंडा जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शिफ्ट किया। पठानमाजरा के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में दुष्कर्म, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोपों में मामला दर्ज है। इससे पहले करनाल में गिरफ्तारी के दौरान उन्होंने कथित तौर पर पुलिस पर हमला कर फरार होने की कोशिश की थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हुआ था। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और बाद में उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया। विदेश भागने की खबरों के बाद लुकआउट नोटिस जारी हुआ, जिसके बाद उन्हें मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृहमंत्री समेत कई नेताओं ने

# गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व की बधाई दी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने गुरुवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ओम बिरला ने एक्स पोस्ट में पंचम सिख गुरु अर्जन देव के पावन प्रकाश पर्व को नमन किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, धर्म और मानवता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले गुरु साहिब का जीवन आज भी त्याग, सहिष्णुता, प्रेम और मानव कल्याण का संदेश देता है।

गृह मंत्री अमित शाह ने गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महान संत गुरु अर्जन देव ने मुगल आक्रांताओं की



अनेक यातनाएं सहीं, लेकिन 'धर्म परिवर्तन' की बजाय अपने प्राणों का बलिदान देकर स्वधर्म व स्वसंस्कृति की रक्षा का आदर्श स्थापित किया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन और स्वर्ण मंदिर के निर्माण के माध्यम से सिख धर्म का प्रचार-प्रसार किया। गुरु अर्जन देव का जीवन अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध अडिग रहने तथा धर्म, नैतिकता एवं आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरु अर्जन देव के प्रकाश पर्व पर नमन करते हुए कहा कि सिख संप्रदाय को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी महती भूमिका रही है। गुरु ग्रंथ साहिब के संकलन माध्यम से उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान किया है। अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। उनका पूरा जीवन उदारता, त्याग और बलिदान की प्रेरणा है। आप सभी को गुरु अर्जन देव जी के प्रकाश पर्व की बहुत शुभकामनाएं।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धर्म की रक्षा और मानवता के कल्याण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जन देव के पावन प्रकाश पर्व पर उनके चरणों में नमन करता हूं। पुण्य विचार, शिक्षाएं और उपदेश सर्वदा हम सबको धर्म पथ पर चलने एवं मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि गुरु अर्जन देव का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग और मानव कल्याण का प्रतीक है। आपके विचार सर्वदा हम सभी को सत्य, सहिष्णुता और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होने की प्रेरणा देते रहेंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि त्याग, सेवा, समर्पण और सहिष्णुता के प्रति आपकी प्रेरणा संपूर्ण विश्व के कल्याण का प्रेरणास्रोत है।

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु अर्जन देव को धर्म, मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताते हुए कहा कि गुरु अर्जन देव का जीवन सेवा, समर्पण, त्याग और सत्य के प्रति अटूट आस्था का अद्वितीय उदाहरण है।

## संघ का उद्देश्य समाज में सत्यम, शिवम और सुंदरम की स्थापना

एजेंसी नागपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य समाज और राष्ट्र में "सत्यम, शिवम और सुंदरम" की स्थापना करना है। वे रेशीमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृतिमंदिर परिसर में 'राष्ट्र स्वराधना' नामक हस्तलिखित ग्रंथ के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि संघ के सभी कार्यक्रम संस्कार निर्माण पर केंद्रित होते हैं। मजबूत शरीर और संस्कारित मन के समन्वय से ही गुणवत्तापूर्ण जीवन संभव है। घोष दल का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि अलग-अलग वाद्य यंत्रों के बावजूद स्वयंसेवक एक ही ताल पर चलते हैं।

# सेना ने सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटक बचाने के लिए 'ऑपरेशन हिम सेतु' चलाया

एजेंसी | गंगटोक

भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर ने उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे पर्यटकों को बचाने के लिए 'ऑपरेशन हिम सेतु' चलाया है। भूस्खलन के कारण उत्तरी सिक्किम में लाचेन और चुंगथांग के बीच सड़क संपर्क बाधित हो गया है, जिससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ है। इस स्थिति के मद्देनजर भारतीय सेना की पूर्वी कमान के तहत त्रिशक्ति कोर ने 'ऑपरेशन हिम सेतु' के साथ तेजी से प्रतिक्रिया दी है, जिसका उद्देश्य पहुंच बहाल करना और फंसे हुए पर्यटकों को बचाना है।

सेना के पीआरओ ने आज प्रेस बयान में कहा कि खराब मौसम और भारी बर्फबारी के बावजूद सैनिकों ने महत्वपूर्ण मार्ग खोले हैं और बचाव को संभव बनाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का संचालन किया है। सीमा



सड़क संगठन (बीआरओ), त्रिशक्ति कोर के सैनिकों के साथ समन्वय में लगातार सड़कों को साफ कर रहा है, बर्फ को साफ कर कठिन मौसम और इलाके में सड़क संपर्क बहाल कर रहा है। बचाव अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। अब तक 135 पर्यटकों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 32 हल्के वाहनों और 10 मोटरसाइकिलों को भी निकाला गया है।

बयान में कहा गया है कि भारतीय सेना, नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय में स्थिति के अनुसार मौके पर सहायता, स्वास्थ्य सेवा और निकासी प्रदान करने में सक्रिय रही है। वर्तमान में लगभग 1,000 पर्यटक लाचेन में हैं और उन्हें सुरक्षित रूप से निकाल्ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

सेना के एक अधिकारी ने कहा, 'हमारी पहली प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण है। हमारी टीम मौके पर ही सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।'कठिन और बर्फ से ढंके ऊंचे मार्गों पर नागरिक वाहनों को खींचने के लिए सेना के वाहनों का उपयोग किया गया है। स्वास्थ्य आपात स्थितियों के साथ-साथ सहायता की आवश्यकता वाले नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर निकाला गया है।

## सबरीमाला मामलाः महिलाओं के प्रवेश पर रोक के पक्ष में केंद्र

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में प्रतिबंधों का समर्थन किया है। नौ जजों की संविधान पीठ, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस सूर्यकांत कर रहे हैं, इस मामले की सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि धार्मिक परंपराओं को केवल लैंगिक समानता के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि कई धार्मिक स्थलों पर पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए अलग-अलग नियम होते हैं, जो आस्था पर आधारित हैं, भेदभाव पर नहीं। यह मामला 2018 के उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताया था।

# महिला मित्र और उसके बेटे का हत्या आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

एजेंसी | झांसी

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में लहचूरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों महिला मित्र और उसके मासूम बेटे की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारोपित की बुधवार देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस कार्रवाई में आरोपित के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौठा में 5 अप्रैल को ग्राम प्रधान रामप्रसाद ने सड़क किनारे एक महिला का शव पड़े होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका की पहचान नीलू देवी निवासी गुड़गांव के रूप में हुई, जो अपने तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा के साथ ग्राम बरौटा निवासी चतुर्भुज उर्फ दीपक पटेल से पिछले 6 माह से संपर्क में थी और दोनों के बीच संबंध थे। मृतक महिला नीलू का पति गुजरात में काम करता था। 1 अप्रैल को दीपक उसे गुड़गांव से अपने साथ लेकर बरौटा आया था। 2 अप्रैल की रात दोनों के बीच विवाद हुआ, जब नीलू ने अपने पति के पास वापस जाने की बात कही तो नाराज दीपक ने गुस्से में कुल्हाड़ी से नीलू के सिर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। शोर सुनकर जागे मासूम कृष्णा को भी आरोपित ने नहीं बख्शा और उसे भी मौत के घाट उतार दिया।

हत्या के बाद आरोपित ने दोनों शवों को छिपाने का प्रयास किया। 4 अप्रैल की रात वह शवों को बाइक से ले जाकर महिला का चेहरा पत्थर से कुचलकर शव सड़क किनारे फेंक आया, जबकि बच्चे के शव को भूसे के ढेर में छिपा दिया और जब महिला नीलू की लाश बरामद हुई तो साक्ष्य मिटाने के लिए भूसे के ढेर में आग लगाकर बच्चे के शव को जला दिया।

एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देश पर गठित टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपित की तलाश शुरू की। देर रात नहर के पास पुलिस और स्वाट टीम का सामना आरोपी से हो गया।

खुद को घिरता देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली लहचूरा थानाध्यक्ष सरिता मिश्रा की बुलेटप्रूफ जैकेट में जा लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे घायल कर दबोच लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, कारतूस और 2 मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# छात्र की गड्ढे मे डूब कर हुई मौत के केस में मां ने जताई हत्या की आशंका

एजेंसी | नोएडा

नोयडा के सेक्टर 94 के पास एक सोसाइटी के निर्माण के लिए खोदे गए बेसमेंट के गड्ढे में भरे पानी में डूबने से 23 वर्षीय फिजिकल एजुकेशन के छात्र की बुधवार की शाम को मौत हो गई । पेपर खत्म होने के बाद उसने अपने तीन सहपाठियों के साथ बैठकर शराब पी। उसके बाद वह गड्ढे में नहाने चला गया था। पुलिस ने शव का तीन डॉक्टरों के पैनल से आज सुबह को पोस्टमार्टम करवाया। मृतक के पिता लद्दाख से दिल्ली पहुंच रहे हैं। वह रिटायर्ड सैन्य कर्मी है। मृतक छात्र के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनके अनुसार उनका बेटा शराब नहीं पीता था। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) साद मिया खान ने बताया कि सेक्टर 125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय से फिजिकल एजुकेशन की पढ़ाई करने वाले हर्षित भट्ट उम्र 23 वर्ष अपने तीन अन्य सहपाठियों हिमांशु, व्यास, कृष के साथ बुधवार शाम को कॉलेज से पेपर देकर निकले। पेपर अच्छा गया था। चारों दोस्तों ने सेक्टर 94 के पास बैठकर एक साथ मदिरा पी। हर्षित ने शराब का नशा होने के बाद पास में ही एक सोसाइटी बनाने के लिए खोदे गए बेसमेंट के गढ्ढे में भरे पानी में तैरने चला गया। उन्होंने बताया कि गहरे गड्ढे में तैरते समय वह पानी में डूब गया। उसके दोस्त भी उसे बचाने के लिए गड्ढे में कूदे। वह भी डूबने लगे। आसपास के लोगों ने तीनों को बचाया, तथा पुलिस को सूचना दी। एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, पुलिस मौके पर पहुंची। आधे घंटे की मशक्कत के बाद हर्षित को को पानी से बाहर निकला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि जहां पर यह गड्ढा है उसके चारों तरफ करीब 8 फीट ऊंची बैरिकेटिंग लगाई गई है। पोस्टमार्टम हाउस के सामने कुछ हिस्सा खुला हुआ है, उसी के अंदर से घुसकर हर्षित गड्ढे में नहाने गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक के परिजनों ने अभी तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। वहीं मृतक की मां ने पुलिस से कहा कि उसका बेटा शराब नहीं पीता था। उन्होंने यह भी कहा है कि उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि उसके बेटे के साथ मारपीट कर गड्ढे में धकेला गया है। डीसीपी ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने हर्षित के दोस्तों से पूछताछ की है।

अलर्ट

## अब बच्चों की गैरहाजिरी की जानकारी तुरंत पहुंचेगी अभिभावकों तक

# पंजाब के स्कूलों में SMS अलर्ट सिस्टम शुरू : मंत्री बैंस

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के करीब 18,000 सरकारी स्कूलों में ऑनलाइन अटेंडेंस ट्रैकर सिस्टम लागू कर दिया है। हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इस सिस्टम के जरिए अब बच्चों की गैरहाजिरी की जानकारी तुरंत उनके अभिभावकों तक SMS के माध्यम से पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र तीन दिन से अधिक लगातार स्कूल नहीं आता है तो स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिभावकों को फोन किया जाएगा। वहीं, यदि अनुपस्थिति 15 दिन तक जारी रहती है तो जिला और मुख्यालय स्तर के अधिकारी भी मामले में हस्तक्षेप करेंगे। इस सिस्टम से न सिर्फ पढ़ाई पर नजर



रखी जाएगी बल्कि बच्चों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पंजाब के सरकारी स्कूलों में करीब 30 लाख छात्र पढ़ते हैं और यह नया सिस्टम सभी पर लागू होगा। यह पहल 'मिशन समर्थ' के अगले चरण के तहत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना है।

बैंस ने कहा कि सरकार ने स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं में भी बड़ा सुधार किया है।

उन्होंने बताया कि पहले किताबें सितंबर-अक्टूबर तक स्कूलों में पहुंचती थीं, लेकिन अब रणनीति बनाकर समय पर वितरण सुनिश्चित किया गया है। इस वर्ष फरवरी में ही किताबें स्कूलों तक पहुंचा दी गईं और 1 अप्रैल को छात्रों को प्राइवेट स्कूलों की तरह किताबों के बंडल वितरित किए गए, जिससे सत्र की शुरुआत से ही पढ़ाई सुचारु रूप से शुरू हो गई।

उन्होंने बताया कि शिक्षा बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। 2022 में जहां बजट लगभग 11 हजार करोड़ रुपये था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 19,279 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' योजना के तहत 118 आधुनिक स्कूल स्थापित किए गए हैं।

शिक्षकों और प्रिंसिपलों को सिंगापुर, फिनलैंड और आईआईएम अहमदाबाद जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि 14,500 से अधिक नए शिक्षकों की भर्ती की गई है।

शिक्षा विभाग का दावा है कि इन सुधारों के चलते पंजाब ने PARAKH 2024 और NAS 2024 जैसे राष्ट्रीय सर्वे में शीर्ष स्थान हासिल किया है। साथ ही सरकारी स्कूलों के छात्रों ने JEE Main जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

सरकार का कहना है कि इन सभी पहलों का उद्देश्य सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता को निजी स्कूलों के बराबर लाना और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

# कैलिको डोम के जीर्णोद्धार पर सवाल उठे, मूल डिजाइन के साथ छेड़छाड़ की आशंका

## तकनीकी रिपोर्ट में बिना मंजूरी काम करने का खुलासा, अहमदाबाद नगर निगम कर रहा जांच

एजेंसी | अहमदाबाद



साल 1962 में जब रिलीफ रोड पर कैलिको डोम का निर्माण हुआ, तो यह सिर्फ एक छत नहीं थी। यह इस बात का प्रमाण था कि बिना किसी खंभे या भारी-भरकम ढांचे के, केवल ज्यामिति (ज्योमेट्री) के दम पर एक इमारत खड़ी रह सकती है। आज, छह दशक बाद, यह ऐतिहासिक गुंबद एक नई बहस के केंद्र में आ गया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या इसके जीर्णोद्धार (रेस्टोरेशन) की प्रक्रिया इसके उस मूल ढांचे को ही नष्ट कर रही है, जिस पर यह टिका हुआ है।

भारत के पहले प्रयोगात्मक जिओडेसिक ढांचे के रूप में पहचाने जाने वाले इस गुंबद के चल रहे जीर्णोद्धार पर गंभीर सवाल उठे हैं। जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद नगर निगम (AMC) 15 पन्नों के एक तकनीकी डॉजियर (रिपोर्ट) की समीक्षा कर रहा है, जिसमें कई खामियां गिनाई गई हैं। एएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि इन निष्कर्षों की जांच की जा रही है और सुधार के लिए बातचीत के दरवाजे खुले हैं।

इस डोम का इतिहास काफी दिलचस्प है। इसे कैलिको मिल्स के लिए एक प्रदर्शनी स्थल के रूप में बनाया गया था। इसके निर्माण की सोच मिल्स के तत्कालीन अध्यक्ष गौतम साराभाई और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन की सह-संस्थापक उनकी बहन गिरा साराभाई की थी। दिलचस्प बात यह है कि इसी जगह पर अहमदाबाद की पहली गगनचुंबी इमारत बनने वाली थी, लेकिन नगर पालिका ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और फिर इस प्रतिष्ठित गुंबद का निर्माण हुआ। इस ढांचे का डिज़ाइन अमेरिकी वास्तुकार और भविष्यवादी बकमिंस्टर फुलर के विचारों से प्रेरित था, जिन्हें जिओडेसिक डोम का आविष्कारक माना जाता है। यह डोम 380 डायमंड के आकार वाले प्लाईवुड पैनलों से बना एक हल्का और अपने आप में टिका हुआ शेल है। इसे बिना किसी बाहरी सहारे के सिर्फ ज्यामितीय सटीकता के आधार पर जोड़ा गया था। विवाद तब शुरू हुआ जब नियुक्त प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट 'वडोदरा डिजाइन एकेडमी' की जानकारी या मंजूरी के बिना ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसके बाद 24 मार्च को साइट के निरीक्षण के आदेश दिए गए। इसी जांच के बाद 15 पन्नों की रिपोर्ट सामने आई और जीर्णोद्धार कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई।

रिपोर्ट में कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ऐसा कहा गया है कि किसी ने नियुक्त विशेषज्ञों की जगह एक अनधिकृत सलाहकार को रख लिया और बिना मंजूरी के नए नक्शों का इस्तेमाल शुरू कर दिया। डोम के जॉइंट्स को सुरक्षित रखने वाले रबर गास्केट और स्ट्रक्चरल स्लीव्स का उपयोग ही नहीं किया गया है। सबसे ऊपरी हिस्सा, जो पूरे ढांचे को लॉक करता है (एपेक्स कैप), वह भी गायब है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बिना यह ढांचा अधूरा और कमजोर है। रिपोर्ट में डोम के ऊपर एक स्टील पाइप फ्रेमवर्क लगाने के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाया गया है। यह तर्क दिया गया है कि इस तरह का कोई भी बाहरी हस्तक्षेप एक सेल्फ-सपोर्टिंग ढांचे के मूल सिद्धांत के बिल्कुल विपरीत है। कैलिको मिल्स के दिवालियापन के बाद, गुजरात उच्च न्यायालय के निर्देश पर 2009 में यह गुंबद एएमसी के अधिकार में आ गया। इससे पहले यह ढांचा दशकों की उपेक्षा, 2001 के भूकंप में आंशिक पतन और 2003 में मानसून के कारण हुए नुकसान को झेल चुका था। इस गुंबद की ताकत इसके भारीपन या खंभों में नहीं, बल्कि इसके घुमाव में है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया था कि वजन पूरी सतह पर समान रूप से बंटे।

जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने इसे अंडे के छिलके की तरह बताया है—हल्का, खोखला, लेकिन जब बल सही ढंग से काम करते हैं तो यह अविश्वसनीय रूप से मजबूत होता है। यह पूरा विज्ञान निरंतरता पर निर्भर करता है। बीच में कोई भी रुकावट, बाहरी सपोर्ट, असमान मोटाई या घुमाव में बदलाव इसके संतुलन को बिगाड़ सकता है। ऐसा होने पर तनाव उन जगहों पर पड़ने लगेगा जो इसके लिए नहीं बने हैं।

### वैश्विक अर्थ व्यवस्था डगमगाई

# ईरान युद्ध का बड़ा असरः खाड़ी देशों में 36 लाख नौकरियों पर संकट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। यूएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्ध से मिडिल ईस्ट और खाड़ी देशों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है, जिसका सीधा असर रोजगार और आम लोगों की जिंदगी पर पड़ेगा। इस क्षेत्र में बेरोजगारी दर में करीब 4% तक बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लगभग 36 लाख नौकरियां खतरे में आ सकती हैं। साथ ही करीब 40 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं।

**▪ भारतीयों पर भी असर**

मिडिल ईस्ट और खाड़ी देशों में करीब 90 लाख से 1 करोड़ भारतीय काम करते हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, ओमान में रहते हैं। ये लोग निर्माण, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं। संघर्ष के कारण भारतीय कामगारों के सामने बड़े पैमाने पर रोजगार संकट खड़ा हो सकता है।

**▪ आर्थिक झटका और रेमिटेंस पर असर**

यूएन का अनुमान है कि इस युद्ध से खाड़ी देशों को करीब 200 अरब डॉलर तक का आर्थिक नुकसान हो सकता है। इसका असर भारत पर भी पड़ेगा, क्योंकि खाड़ी देशों से भारत को हर साल करीब 40-45 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा मिलती है। युद्ध के चलते लेबर मार्केट प्रभावित होने से इस मुद्रा में अस्थिरता आने की आशंका है।

**▪ रुपये और व्यापार पर दबाव**

कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और सप्लाई चेन में रुकावट आई है। इससे भारत जैसे तेल आयातक देशों पर महंगाई और व्यापार घाटे का दबाव बढ़ सकता है।

**▪ रियल एस्टेट और निवेश पर असर**

दुबई में रियल एस्टेट सेक्टर भी इस युद्ध से प्रभावित हुआ है। प्रॉपर्टी की मांग और कीमतों में 30-40% तक गिरावट की आशंका है। निवेशकों का भरोसा कम होने से लेनदेन में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

**▪ पड़ोसी देशों पर भी असर**

इस संघर्ष का असर पाकिस्तान और नेपाल जैसे देशों पर भी पड़ा है, जहां खाड़ी देशों में काम करने वाले मजदूरों की नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। इससे इन देशों की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर दबाव बढ़ गया है।

**▪ GDP पर संभावित गिरावट**

रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध का सबसे ज्यादा असर गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (GCC) देशों और लेवेंट क्षेत्र पर पड़ेगा। इन क्षेत्रों की GDP में 5% से अधिक गिरावट का अनुमान है।

# राणा के पोस्ट आपत्तिजनक और सांप्रदायिक इस पर कार्रवाई करोः दिल्ली हाईकोर्ट

## पत्रकार ने हिंदू देवी-देवताओं और वीर सावरकर पर किए थे ट्वीट

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित पत्रकार राणा अयूब को हिन्दू देवी-देवताओं और स्वतंत्रता सेनानी वीडी सावरकर को लेकर एक्स पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जवाब माँगा है। कोर्ट ने 2013 और 2017 के बीच भारत विरोधी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्रकार राणा अय्यूब के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हिंदू देवी-देवताओं और विनायक दामोदर सावरकर पर कई ट्वीट 'आपत्तिजनक, भड़काऊ और सांप्रदायिक' थे। कोर्ट ने अय्यूब को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस, केंद्र सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं और अगली सुनवाई तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि मामले पर तुरंत सुनवाई की जरूरत है और इस पर 10 अप्रैल को सुनवाई होगी। जस्टिस पीके कौरव ने सुनवाई के दौरान कई ट्वीट पर सवाल उठाते हुए कहा, "प्रतिवादी राणा अयूब को निर्देश लेने दें और जरूरी काम करने दें। उन्हें कल तक जवाब फाइल करने दें। मामले पर परसों सुनवाई हो। प्रतिवादी राणा अय्यूब के बहुत ज़्यादा अपमानजनक, भड़काऊ और सांप्रदायिक ट्वीट्स को देखते हुए यह कार्रवाई जरूरी है। एक सक्षम कोर्ट के आदेश पर FIR दर्ज की गई है। मामले पर तुरंत विचार करने की जरूरत है। दिल्ली पुलिस को भी एक पार्टी बनाया जाए।" वकील अमिता सचदेवा ने ये अर्जी हाईकोर्ट में दाखिल की थी। इससे पहले साकेत कोर्ट में उन्होंने आपराधिक मुकदमा दायर कर अयूब के खिलाफ कड़े एक्शन की माँग की थी। वकील सचदेवा की अर्जी के बाद ट्रायल कोर्ट ने अयूब के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जाँच का आदेश दिल्ली पुलिस को दिया था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से कहा कि ट्वीट अब एक्स पर मौजूद नहीं है।

**▪ हिन्दू देवी-देवताओं के अपमान का आरोप**

सचदेवा का कहना है कि अय्यूब के ट्वीट्स ने हिंदू देवताओं, सीता- राम, वीर सावरकर का अपमान किया और 'भारत विरोधी' भावनाओं को भड़काया। "ट्वीट्स पढ़ने के बाद जो सनातन धर्म को मानने वाला है, वह बहुत दुखी हुआ होगा, क्योंकि पोस्ट में हिंदू देवताओं का अपमान किया गया। स्वंत्रतता संग्राम में अहम योगदान देने वाले शख्सियतों का अपमान किया गया था और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाला था।" अपनी पिटीशन में, सचदेवा ने 2013 और 2017 के बीच अय्यूब के किए गए 6 ट्वीट्स का जिक्र किया। अय्यूब के 2013 के ट्वीट में लिखा था, "रावण ने सीता को छुआ तक नहीं, जबकि वह छू सकता था। राम सीता के लिए खड़े नहीं हुए, जबकि उन्हें होना चाहिए था। रावण 1 राम 0।" अक्टूबर 2014 में, अय्यूब ने अली सरदार जाफरी का एक शेर कोट किया था, जिसमें लिखा था, "गरीब सीता के घर पे कब तक रहेगी रावण की हुक्मरानी, द्रौपदी का लिबास उसके बदन से कब तक छीना करेगा"। इसके अलावा 2015 में, अय्यूब ने सावरकर के बारे में ट्वीट किया। उसने लिखा, "तो वीर सावरकर ने हिंदुत्व राष्ट्रवाद के एक जरूरी हिस्से के तौर पर रेप की वकालत की।"

# व्हिसलब्लोअर्स पर कार्रवाई को लेकर NHRC सख्त

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने व्हिसलब्लोअर्स के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग ने स्वास्थ्य मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) और दिल्ली पुलिस से जवाब माँगा है।

यह नोटिस उस शिकायत के बाद दिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जनहित में आवाज उठाने वाले लोगों को ही निशाना बनाया जा रहा है। आयोग ने इस मामले में 2 हफ्ते के भीतर 'कार्रवाई रिपोर्ट' पेश करने को कहा है।

शिकायतकर्ता का दावा है कि FSSAI की भर्ती प्रक्रिया में कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज जमा किए थे। इस मामले में विभाग ने एक आंतरिक जाँच भी की थी। उस जाँच में संबंधित लोगों को दोषी भी पाया गया था। अब NHRC ने दिल्ली पुलिस और स्वास्थ्य मंत्रालय से पूछा है कि इस पूरे मामले में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार या गलत कामों के खिलाफ आवाज उठाने वालों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। 15 दिनों के अंदर विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद आयोग आगे की कार्रवाई तय करेगा।

# अब फ्लाइट पकड़ने के पहले मिलेगी विदेशी मुद्रा

## RBI के इस नियम से विदेश यात्रा हो गई आसान

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया (प्रस्थान क्षेत्र) में विदेशी मुद्रा काउंटरों पर भारतीय रुपये के आदान-प्रदान की अनुमति दे दी है। पहले एयरपोर्ट के डिपार्चर हॉल में, यानी इमिग्रेशन और कस्टम्स के बाद वाले इलाके में विदेशी मुद्रा काउंटर सीमित काम ही कर पाते थे। ये काउंटर सिर्फ गैर-निवासियों (non-residents) से भारतीय रुपये खरीद सकते थे और उन्हें विदेशी मुद्रा बेच सकते थे।

भारतीय यात्री (residents) वहां अपने रुपये नहीं बदल पाते थे। अगर कोई व्यक्ति चेक-इन से पहले रुपये बदलना भूल जाता या सुरक्षा जांच के बाद पॉकेट में अतिरिक्त नोट निकल आते, तो उसके पास कोई विकल्प नहीं बचता था। कई बार लोग बिना बदले रुपये विदेश ले जाते या उन्हें बेकार ही रखना पड़ता।

फ्लाइट पकड़ने के पहले बदलें मुद्रा

RBI ने इस नियम में बदलाव किया है। अब भारतीय निवासी हों या विदेशी, दोनों ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डिपार्चर एरिया में मौजूद फॉरेक्स काउंटर पर अपने रुपये बदल सकते हैं। यह सुविधा इमिग्रेशन या कस्टम्स चेक पार करने के बाद वाले हिस्से में भी मिलेगी, यानी फ्लाइट पकड़ने से ठीक पहले भी आप रुपये एक्सचेंज कर पाएंगे।

RBI ने अपने सर्कुलर में कहा है कि नियमों की समीक्षा के बाद अब यह फैसला लिया गया है कि भारतीय निवासी को भी गैर-निवासियों (non-residents) के साथ मिलाकर, इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ड्यूटी-फ्री एरिया या सिक्योरिटी होल्ड एरिया में मौजूद विदेशी मुद्रा काउंटरों पर भारतीय रुपये के नोट एक्सचेंज करने की अनुमति दी जाएगी। यानी अब इमिग्रेशन या कस्टम्स चेक पार करने के बाद वाले हिस्से में भी यात्री आसानी से अपने रुपये बदल सकेंगे।

# रेलवे का बड़ा सेफ्टी अपग्रेडः 1,364 करोड़ रुपये से कवच, सिग्नलिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम होगा मजबूत

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने रेल सुरक्षा और आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 1,364.45 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनका उद्देश्य ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाना, सिग्नलिंग सिस्टम को आधुनिक बनाना और कम्युनिकेशन नेटवर्क को मजबूत करना है।

रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत प्रमुख कार्यों में 'कवच' प्रणाली का विस्तार, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का उन्नयन और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना शामिल है। ये सभी पहलें ट्रेन संचालन को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और दक्ष बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही हैं।

सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में कवच सिस्टम का विस्तार शामिल है। इसके तहत दक्षिण रेलवे के 232 लोकोमोटिव में कवच वर्जन 4.0 लगाया जाएगा, जिस पर 208.81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह तकनीक ट्रेन टक्कर रोकने में मदद करती है और सुरक्षा के लिहाज से गेमचेंजर मानी जाती है। वहीं, उत्तर रेलवे में 3,200 से अधिक रूट किलोमीटर पर ओएफसी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 400.86 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इससे सिग्नलिंग सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ेगी और कवच के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। उत्तर मध्य रेलवे में 2,196 रूट किलोमीटर पर 2×48 फाइबर ओएफसी नेटवर्क बिछाने के लिए 176.76 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। दक्षिण मध्य रेलवे में सिग्नलिंग सिस्टम के आधुनिकीकरण के तहत 49 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदला जाएगा। इस परियोजना पर 578.02 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### Good DAY



समर न्यूज़ | लुधियाना

नई सुबह आपके जीवन में नई उम्मीदों और खुशियों की किरण लेकर आए। हर दिन एक नया अवसर होता है, इसलिए आज को सकारात्मक सोच और पूरे उत्साह के साथ अपनाएं।

**सक्षम चावला**
**डायरेक्टर**
**आर्टिस्ट मेकर्स स्टूडियो**

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | सुपर वीजा में बड़े बदलावः इसका असर इमिग्रेशन प्रक्रियाओं पर पड़ेगा

# कनाडा ने बदले इमिग्रेशन नियमः वीजा फीस और वर्क परमिट

समर न्यूज़ | मोहाली




कनाडा ने 1 अप्रैल 2026 से अपने इमिग्रेशन नियमों में कई अहम बदलाव लागू किए हैं। इन बदलावों का असर वीजा फीस, वर्क परमिट, सुपर वीजा और इमिग्रेशन प्रक्रियाओं पर पड़ेगा।

**▪ पासपोर्ट और नागरिकता फीस में बढ़ोतरी**

नए नियमों के तहत 10 साल के वयस्क पासपोर्ट की फीस बढ़ाकर CAD $163.50 कर दी गई है, जो पहले $160 थी। वहीं 5 साल के पासपोर्ट की फीस CAD $122.50 तय की गई है। नागरिकता शुल्क भी बढ़ाकर CAD $123 कर दिया गया है।

हालांकि, इस बढ़ोतरी के साथ सरकार ने एक राहत भी दी है। अब पासपोर्ट आवेदन के लिए 30 दिन की प्रोसेसिंग गारंटी लागू की गई है। तय समय में पासपोर्ट जारी न होने पर पूरी फीस वापस कर दी जाएगी, लेकिन यह सुविधा केवल पूरी तरह सही और दस्तावेजों से पूर्ण आवेदन पर ही लागू होगी।

**▪ सुपर वीजा नियमों में ढील**

सुपर वीजा को लेकर नियमों को आसान बनाया गया है। अब स्पॉन्सर पिछले दो वित्तीय वर्षों में से किसी एक के आधार पर आय की शर्त पूरी कर सकता है। साथ ही माता-पिता या दादा-दादी की आय को भी इसमें जोड़ा जा सकता है। इस वीजा के तहत वे एक बार में 5 साल तक कनाडा में रह सकते हैं।

**▪ प्रांतों को मिली ज्यादा ताकत**

अब प्रांत और क्षेत्र (Provinces & Territories) यह तय करने में ज्यादा सक्षम होंगे कि कोई आवेदक वहां बसने के योग्य है या नहीं। पहले यह निर्णय केंद्र के अधिकारी लेते थे, लेकिन अब इसमें स्थानीय प्रशासन की भूमिका बढ़ा दी गई है।

**▪ सेटलमेंट सेवाओं की अवधि बढ़ी**

आर्थिक श्रेणी के प्रवासियों को अब स्थायी निवास मिलने के बाद 6 साल तक सरकारी सहायता सेवाएं मिलेंगी। हालांकि, अप्रैल 2027 से यह अवधि घटाकर 5 साल कर दी जाएगी।

**▪ ग्रामीण इलाकों में वर्क परमिट में राहत**

ग्रामीण क्षेत्रों में कामगारों की कमी को देखते हुए कंपनियों को अब 15% तक कम वेतन वाले विदेशी कर्मचारियों को रखने की अनुमति दी गई है, जो पहले 10% थी। यह व्यवस्था मार्च 2027 तक लागू रहेगी।

**▪ सस्केचेवान प्रोग्राम में नई फीस**

Saskatchewan Immigrant Nominee Program (SINP) के तहत अब सभी वर्कर इमिग्रेशन आवेदनों पर CAD $500 फीस लगेगी। यदि कोई आवेदक अपने केस की दोबारा समीक्षा चाहता है, तो उसे अतिरिक्त CAD $250 शुल्क देना होगा।

कुल मिलाकर, कनाडा के इन नए नियमों का उद्देश्य इमिग्रेशन सिस्टम को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और लचीला बनाना है, हालांकि इससे आवेदकों पर आर्थिक बोझ भी कुछ हद तक बढ़ सकता है।

# लॉन्च के बाद होता है असली कामः इसरो प्रमुख ने मिशन ऑपरेशंस को बताया भविष्य की कुंजी

एजेंसी | बेंगलुरु

इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा है कि अंतरिक्ष मिशनों की असली परीक्षा लॉन्च के बाद शुरू होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिशन ऑपरेशंस—यानी सैटेलाइट को वर्षों तक सुचारु रूप से संचालित रखना-भारत की भविष्य की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की असली नींव होगा।

स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस (SMOPs) सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि रॉकेट का उड़ान चरण भले ही 15 से 25 मिनट का होता है, लेकिन अंतरिक्ष यान को कई वर्षों तक लगातार काम करना होता है। इसके लिए निरंतर निगरानी, सिमुलेशन और कमांड ऑपरेशन बेहद जरूरी हैं।

इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल लॉन्च तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह दीर्घकालिक और सतत गतिविधियों की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में मिशन ऑपरेशंस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों की तीन बड़ी उपलब्धियों का जिक्र किया—अंतरिक्ष में सफल डॉकिंग प्रयोग, चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग और आदित्य-एल1 मिशन।

डॉकिंग प्रयोग को उन्होंने बेहद जटिल बताते हुए कहा कि 15,000 किमी प्रति घंटे की गति से चल रहे दो सैटेलाइट्स को सटीकता के साथ जोड़ना एक बड़ी तकनीकी चुनौती थी, जिसमें छोटी सी गलती भी गंभीर परिणाम दे सकती थी।

चंद्रयान-3 मिशन पर उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास स्वचालित लैंडिंग को सफल बनाने में मिशन ऑपरेशंस टीम की अहम भूमिका रही। वहीं, आदित्य-L1 मिशन के जरिए भारत सूर्य के अध्ययन के लिए चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हुआ है।

नारायणन ने यह भी कहा कि मिशन ऑपरेशंस केवल एक टीम का काम नहीं है, बल्कि इसमें डिजाइनर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सिस्टम विशेषज्ञ मिलकर काम करते हैं, जिनका योगदान अक्सर नजरअंदाज हो जाता है। उन्होंने भविष्य की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और क्लाउड-आधारित सिस्टम को अंतरिक्ष मिशनों के लिए जरूरी बताया।

मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह एक जटिल और महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए उच्च स्तर की सटीकता और निरंतर संचालन क्षमता की जरूरत होगी।

इसरो अब चंद्रयान-4 और 5 जैसे मिशनों और मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में उनका साफ संदेश है कि अंतरिक्ष कार्यक्रम की सफलता केवल लॉन्च पर नहीं, बल्कि उसके बाद होने वाले संचालन की मजबूती पर निर्भर करेगी।

# यमुनानगर फैक्टरी में सिलेंडर फटने से बच्चों समेत 10 घायल

### घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है

समर न्यूज़ | यमुनानगर



हरियाणा के यमुनानगर जिले में एक फैक्टरी में गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। व्यासपुर क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित इस फैक्टरी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मजदूर नियमित काम के दौरान गैस सिलेंडर बदल रहे थे। इसी दौरान अचानक सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे तेज धमाका हुआ और आसपास का इलाका दहल उठा।

हादसे में बच्चों समेत कुल 10 लोग घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों को जगाधरी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। कई लोगों को शरीर पर गहरी चोटें आई हैं, जबकि कुछ लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए हैं। चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और फैक्टरी में सुरक्षा इंतजामों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सिलेंडर बदलते समय लापरवाही या तकनीकी खराबी को हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने भी फैक्टरी मालिक से सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर जवाब मांगा है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# कुरुक्षेत्र के NIT हॉस्टल में छात्र ने फंदा लगा जान दी

समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र



हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) के हॉस्टल में एक छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना संस्थान के हॉस्टल नंबर-8 के कमरा नंबर 352 में आधी रात के समय हुई, जहां करीब 22 वर्षीय छात्र ने पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान प्रियांशु के रूप में हुई है, जो सिविल इंजीनियरिंग का छात्र था। इस घटना के बाद एनआईटी प्रशासन में हड़कंप मच गया है। छात्र ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, फिलहाल इसका कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। संस्थान के अधिकारी भी इस मामले में कुछ कहने से बच रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इससे पहले 2 अप्रैल को भी इसी हॉस्टल में एक अन्य छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक छात्र पवन कुमार, जिला नूंह का निवासी था। पहले मामले की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि दूसरी घटना ने संस्थान की सुरक्षा और छात्र मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन असल वजह का पता जांच के बाद ही चल पाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र सिरसा जिले के शेरपुरा गांव का रहने वाला था और बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### झज्जर साहिल हत्याकांड

# सीसीटीवी में हुआ साजिश का खुलासा, आरोपियों को थी लोकेशन की जानकारी

समर न्यूज़ | झज्जर



झज्जर में साहिल की हत्या मामले में जांच के दौरान बड़ा खुलासा सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपियों को पहले से पता था कि साहिल प्लॉट में बनी झोपड़ी में मौजूद है। इसी आधार पर पुलिस इस वारदात को प्रथम दृष्टया योजनाबद्ध हत्या मानकर जांच कर रही है। साथ ही पुलिस इस मामले में रेकी (पहले से निगरानी रखने) के एंगल से भी जांच आगे बढ़ा रही है।

सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, लगभग रात 11 बजे के आसपास एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो सांपला रोड पर आकर रुकती है। इसके बाद गाड़ी से तीन आरोपी उतरते हैं और सीधे प्लॉट की ओर बढ़ते हैं। इनमें से दो आरोपी आगे की सीटों से और एक पीछे की सीट से उतरता नजर आता है। पीछे से उतरने वाला युवक पहले अपने कपड़े ठीक करता है और फिर पिस्तौल निकालता है, लेकिन इसी दौरान अचानक गोली चल जाती है। इसके बाद आरोपी झोपड़ी में घुसकर लगातार फायरिंग शुरू कर देते हैं। फुटेज में यह भी सामने आया है कि साहिल जान बचाने के लिए झोपड़ी से बाहर निकलकर प्लॉट में भागता है, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए बाहर आ जाते हैं और फायरिंग जारी रखते हैं। इस दौरान दो अन्य आरोपी गेट पर खड़े रहते हैं और अंदर की ओर फायरिंग करते हैं। करीब 15 राउंड गोलियां चलने की पुष्टि सीसीटीवी और मौके की जांच से हुई है। वारदात के दौरान साहिल के दो साथी प्रवीन और सुजेश उर्फ खोटी भी मौके पर मौजूद थे। एक साथी बाहर निकलने की कोशिश में था, लेकिन गेट पर मौजूद आरोपियों की फायरिंग से वह बाल-बाल बच गया और गली की ओर भागने में सफल रहा। दूसरा साथी अंदर ही रहा। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर आए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच विशेष जांच टीमें गठित की हैं, जो अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, हत्या की साजिश और आरोपियों की पहचान को लेकर गहन जांच जारी है।

## रेलवे लाइन पर सैलून वाले का शव मिला

समर न्यूज़ | रेवाड़ी

रेवाड़ी-रोहतक रेलवे लाइन पर बृहस्पतिवार सुबह एक सैलून संचालक का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल के पास मृतक की बाइक भी खड़ी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गांव करनावास निवासी लगभग 40 वर्षीय सुरेंद्र के रूप में हुई है, जो अपने गांव में सैलून चलाता था। वह बुधवार शाम दुकान बंद करने के बाद घर के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और बाद में पुलिस को सूचना दी। गोकलगढ़ गांव के पास नहर के समीप रेलवे ट्रैक के पास शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

# गुरुग्राम द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, चालक घायल

समर न्यूज़ | गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-104 में द्वारका एक्सप्रेसवे पर देर रात एक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार टोयोटा टैज़र कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस दुर्घटना में कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। राजेंद्र पार्क थाना पुलिस के अनुसार, द्वारका एक्सप्रेसवे से गुजर रहे कुछ लोगों ने हादसा होते देखा और तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। बताया गया कि कार तेज गति से दिल्ली की दिशा से आ रही थी, तभी सेक्टर-104 के पास मोड़ पर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

हादसे के बाद कार डिवाइडर से टकराकर ऊपर चढ़ गई और क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को कार से बाहर निकालकर नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह दिल्ली का रहने वाला बताया जा रहा है। वाहन भी दिल्ली के राजा गार्डन पते पर रजिस्टर्ड है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ।

### वेल्डिंग की चिंगारी से हादसा, लाखों का नुकसान

# बहादुरगढ़ जूता फैक्ट्री में भीषण आग

समर न्यूज़ | बहादुरगढ़



हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित एचएसआईआईडीसी सेक्टर-16 में एक जूता फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरी फैक्ट्री इसकी चपेट में आ गई। घटना के समय फैक्ट्री में कई कर्मचारी काम कर रहे थे, जिन्होंने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार, प्लॉट नंबर-168 पर दिल्ली निवासी विभोर की 'सुपर किक्स' नाम से फुटवियर फैक्ट्री संचालित है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के पीछे स्थित एक वेल्डिंग यूनिट में काम चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग से निकली चिंगारी पास के शेड में गिर गई, जिससे आग भड़क उठी। ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री के प्रथम तल तक फैल गई।

आग लगते ही फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी तुरंत बाहर निकल गए।

राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग के कारण फैक्ट्री में रखी मशीनें, कच्चा माल और तैयार जूते-चप्पल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे फैक्ट्री मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। दमकल कर्मियों के साथ पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण वेल्डिंग की चिंगारी माना जा रहा है, हालांकि दमकल विभाग और पुलिस मामले की गहन जांच कर रहे हैं ताकि आग की वास्तविक वजह और नुकसान के सही आंकड़ों का पता लगाया जा सके।

# फरीदाबाद के सिही गांव में सीवर ओवरफ्लो से जलभराव

### आरोप निगम के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे

समर न्यूज़ | फरीदाबाद



फरीदाबाद के ऐतिहासिक गांव सिही में सीवर के मेनहोल ओवरफ्लो होने से गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, जब गांव में सीवर लाइन डाली गई थी, तब उस समय आबादी कम थी और आवश्यकताएं भी सीमित थीं। लेकिन समय के साथ गांव की आबादी काफी बढ़ गई है, जबकि सीवर सिस्टम अभी भी पुराना ही है। इसी कारण सीवर के मेनहोल ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल रहा है।

जलभराव की यह समस्या उस क्षेत्र में और गंभीर हो जाती है, जहां पास ही संत शिरोमणि कवि सूरदास का सूर स्मारक और महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। ग्रामीणों को जलभराव के बीच से होकर इन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों तक जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती आबादी को देखते हुए अब नई और बड़ी क्षमता वाली सीवर लाइन बिछाई जानी चाहिए, ताकि हर बार होने वाले जलभराव की समस्या से राहत मिल सके और क्षेत्र की स्वच्छता व जनजीवन प्रभावित न हो।

## हरियाणा कैबिनेट के बड़े फैसले हुए

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगाई गई। इस बैठक में कुल 7 एजेंडों में से 6 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने अकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में करीब 35 प्रतिशत तक इजाफा किया है। अब अकुशल मजदूरों को 11,275 की जगह 15,220 प्रति माह मिलेंगे। वहीं, अर्ध-कुशल श्रमिकों का वेतन 16,780, कुशल श्रमिकों का 18,500 और उच्च दक्षता वाले श्रमिकों का मानदेय बढ़ाकर 19,425 कर दिया गया है। इस निर्णय से महंगाई के दौर में लाखों कामगारों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### नूंह में पानी विवाद बना खूनी संघर्ष

# धारदार हथियारों से हमला, एक की मौत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के नूंह जिले के रोजका मेव थाना क्षेत्र के बड़का अलीमुद्दीन गांव में पानी को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। परिवार के भीतर हुए इस झगड़े में चाचा और भतीजों के बीच लाठी-डंडों के साथ-साथ फरसा और कस्सी जैसे धारदार हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत महिलाओं के बीच पानी भरने को लेकर हुई कहासुनी से हुई थी। यह मामूली विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और बाद में पुरुषों के बीच हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि चाचा इशू और उसके परिजनों ने एकजुट होकर भतीजों पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया।

इस हमले में आमीन, पुत्र राजुद्दीन, को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, उसका भाई तारीफ उर्फ टूंडल भी बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर में फरसे से गंभीर चोट लगी है, जिसके चलते उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हालात को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक स्थिति काफी बिगड़ चुकी थी। इस वारदात के बाद गांव में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# गांव खैरड़ी में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा खंडित, गांव में तनाव



समर न्यूज़ | कलानौर

कलानौर क्षेत्र के गांव खैरड़ी में देर रात डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है और ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार, देर रात बाइक सवार दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना पास के सरकारी स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, हालांकि अब तक आरोपियों की पहचान और बाइक का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है।

बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों ने जब प्रतिमा को खंडित देखा तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी राकेश कुमार, थाना प्रभारी सतपाल सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोग भी घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले भी इस स्थान को लेकर विवाद की स्थिति रही है।

**यादगार** | केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व स्वामी धर्मदेव के मार्गदर्शन में स्मृति न्यास का गठन

# विभाजन की विभीषिका झेलने वालों की याद में बनेगा स्मारक

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




देश की आजादी के समय वर्ष 1947 के विभाजन की उस अमानवीय त्रासदी में लाखों लोगों ने अपना घर-बार खोया और अनगिनत जिंदगियां मजहबी उन्माद की भेंट चढ़ गईं। उन बलिदानों और संघर्षों को संजोने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास के गठन की घोषणा की गई है।

केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास का गठन किया गया है। नए न्यास के सेटलर एवं संस्थापक अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव और ट्रस्ट के नव-नियुक्त महामंत्री बोधराज सीकरी ने आज यहां जारी जानकारी में बताया कि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन रमेश चंद जुनेजा को इस ट्रस्ट का आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नई टीम में सुमन कांत मुंजाल, सुनील सचदेवा, राजीव गुलाटी, मनमोहन चावला, खन्ना, पीके दत्ता, राजीव मुकुल, दिनेश नागपाल, पूर्ण डाबर, सुरजीत ओबेरॉय, बलदेव राज भाटिया, सुमित चंदा, प्रवीण भाटिया, सतीश ग्रोवर, अभिषेक बंगा को शामिल किया गया है।

बोधराज सीकरी ने बताया कि न्यास हरिद्वार ऋषिकेश में विशाल राष्ट्रीय स्मारक और अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण करेगा। न्यास न केवल उस दौर के दर्द को याद रखेगा, बल्कि नई पीढ़ी को भारत की मिट्टी के उस सबसे गहरे घाव से रूबरू कराएगा, जो बंटवारे के समयमिले थे।

इस स्मारक में भगवान राम, अरुट महाराज, माता हिंगलाज, महर्षि कश्यप, गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, शहीद भगत सिंह, शहीद मदन लाल ढींगरा कई अन्य समाज के चित्र प्रदर्शित किये जाएंगे। प्रस्तावित संग्रहालय में हॉरर गैलरी और विस्थापन गलियारा बनाया जाएगा, जहां अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से उन दृश्यों को दर्शाया जाएगा। सीकरी के अनुसार, ट्रस्ट के सदस्य बनने की सहमति सुभाष अरोड़ा, हरिंदर होरा, संजीव कुमार, ओमप्रकाश कथूरिया, दीप कालरा, चंद्र शेखर तनेजा, विकास कपूर ने दी है।

प्रसिद्ध आध्यात्मिक संतों ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनिजी, ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर की संस्थापिका आनंदमूर्ति गुरु मां, रोहतक जिला के कलानौर स्थित प्रसिद्ध गद्दी टिकाणा सती भाई साईं दास जी के श्री 108 महंत राम सुखदास जी महाराज को ट्रस्ट में मुख्य संरक्षक, संरक्षण के रूप में मनोनीत किया गया है। इनके अलावा असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी, सेवानिवृत आईएएस सुरीना राजन कुमार, सेवानिवृत आईएएस मुकेश आहूजा, सेवानिवृत कुलपति डा. अशोक दिवाकर, सेवानिवृत कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा को भी शामिल किया गया है।

## मानेसर में श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन, झड़प

समर न्यूज़ | मानेसर

आईएमटी मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर श्रमिकों और प्रबंधन के बीच तनाव बृहस्पतिवार को गंभीर हो गया। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन को लेकर असंतोष जताते हुए श्रमिकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो धीरे-धीरे उग्र रूप ले गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस की एक बाइक में आग लगा दी, जबकि एक औद्योगिक प्लांट पर पत्थरबाजी की घटना भी सामने आई।

स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत क्षेत्र में भीड़ एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में मरीज की मौत के बाद बवाल, परिजनों और डॉक्टरों में विवाद

## हाथापाई तक पहुंचा मामला. मेडिकल कॉलेज में तनाव

मंजूर पठान | चंबा
समर न्यूज़



पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में एक बार फिर तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिली। देर रात एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद माहौल अचानक गरमा गया और परिजनों तथा डॉक्टरों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप किया, लेकिन आरोप है कि गुस्साए परिजनों ने उन पर भी हमला कर दिया।

इस घटना से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मामला बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर हालात को संभालने की कोशिश की।

वहीं, अगली सुबह सुरक्षा गार्डों ने इस घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज के बाहर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनके साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जाता है और सुरक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज किया जाता है।सुरक्षा कर्मियों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। फिलहाल प्रशासन और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# पति पर प्रताड़ना के आरोप, विवाहिता ने निगला जहरीला पदार्थ

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

सुंदरनगर क्षेम में विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। महिला को नाजुक हालत में नेरचौक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। आरोप है कि पति की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने यह खौफनाक खदम उठाया है। उधर, पिता के शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विवाहित के पिता यादवेंद्र ने बताया कि इसी साल 9 फरवरी 2026 को उनकी बेटी विवाह क्षेत्र के युवक नील कमल से हुआ है। विवाह के कुछ दिन बाद ही नील कमल ने उनकी बेटी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इस संबंध में उन्होंने पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में भी मामला दर्ज कराया था और फिर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ। इसके बावजूद भी नील कमल की प्रताड़ना नहीं रूकी और उनकी बेटी ने तंग आकर बीते रोज 7 अप्रैल को जहरीला पदार्थ निगल लिया।

# पंजाब से पराशर घूमने जा रहे युवक रास्ता भटके, गाड़ी सड़क हासदे का शिकार

## 5 घायल, एक की हालात नाजुक

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



पंजाब से हिमाचल घूमने आए युवकों की कार कटौला क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में 5-6 युवक सवार थे, जिन्हें क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में उपचार के लिए के लाया गया है।

इनमें से एक युवक की हालात नाजुक बताई रही है, जिसके सिर व माथे पर गंभीर चोटें आई है।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह पंजाब के यह युवक पंजाब नंबर की कार से पराशर घूमने जा रहे थे और रास्ता भटक गए।

पराशर जाने वाली सड़क की बजाय यह लोग कटौला की ओर घूम गए और आरंग के पास बथेरी में इनकी कार दुर्घनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दो 108 एंबलेंस मौके पर पहुंची और इन्हें उपचार के लिए जोनल अस्पताल मंडी पहुंचाया। अभी तक हादसे में घायल 4 युवकों की पहचान हो पाई है। जिनके नाम 21 वर्षीय आर्यन, 22 वर्षीय प्रियांश, 22 वर्षीय विशाल व 21 वर्षीय सुरज कुमार हैं। उधर, शहरी चौकी की टीम भी जोनल अस्पताल मंडी पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थुरल के पास बस कर्मियों पर जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़




भवारना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी थुरल के पास बैरघट्टा में एक गंभीर आपराधिक घटना सामने आई है, जिसने स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया। जानकारी के अनुसार, काले रंग की थार गाड़ी में सवार कुछ युवकों ने एक निजी वोल्वो बस (REO) को रोककर उसके चालक, परिचालक और दो अन्य व्यक्तियों पर अचानक चाकू से हमला कर दिया। घटना के दौरान हमलावरों ने पिस्टल लहराते हुए हवाई फायरिंग भी की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस चौकी थुरल और थाना भवारना की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) थुरल ले जाया गया। घायलों की पहचान सुन्दर सिंह (27) निवासी मंडी, राज कुमार निवासी कांगड़ा, विजय कुमार (38) निवासी मंडी और प्रवेश कुमार (35) निवासी कांगड़ा के रूप में हुई है। इनमें से दो की हालत को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।इस मामले में बस परिचालक अविनाश, निवासी चंबा के बयान पर थाना भवारना में 8 अप्रैल 2026 को भारतीय न्याय संहिता (BNS) और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों—बलविंदर सिंह (पठानकोट), निशान पाल (होशियारपुर) और अलीश (पठानकोट)—को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से थार वाहन, चाकू और पिस्टल भी बरामद की गई है।पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन जांच कर रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## धर्मशाला में कांग्रेस का महा-मंथन, धर्मशाला में 21-30 अप्रैल तक प्रशिक्षण शिविर

# राहुल गांधी भरेंगे कार्यकर्ताओं में जोशः विनय कुमार

संजू | शिमला
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद पार्टी अब पूरी तरह 'एक्शन मोड' में आ गई है। इसी दिशा में 21 से 30 अप्रैल तक धर्मशाला में एक बड़ा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसे संगठन सृजन अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। इस शिविर में राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पंजाब और जम्मू-कश्मीर के जिला अध्यक्ष भी भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को अधिक प्रभावी तरीके से जनता से जुड़ने के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान पदाधिकारियों को गांवों में जाकर सीधे संवाद स्थापित करने, जनसमस्याओं को समझने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।विनय कुमार ने स्पष्ट किया कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद संगठन अब पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा और कार्यकारिणी का हर स्तर पर समन्वय देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का फोकस केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के बीच अपनी पकड़



मजबूत करना भी प्राथमिकता है।

संगठन और सरकार के बीच तालमेल को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और सरकार तथा संगठन के बीच बेहतर समन्वय बना हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि इसी तालमेल के दम पर पार्टी आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी पंचायती राज चुनावों को बेहद अहम बताते हुए इसे अगले विधानसभा चुनावों का 'सेमीफाइनल' करार दिया। उनके अनुसार, इन चुनावों के परिणाम राज्य की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे और कांग्रेस इन चुनावों में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

राज्य के हालिया बजट पर टिप्पणी करते हुए विनय कुमार ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश का अधिकांश हिस्सा ग्रामीण है, ऐसे में बजट में किए गए प्रावधानों का सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा, जिससे कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होगी।

इसके अलावा, आगामी चार नगर निगम चुनावों को लेकर भी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं ताकि चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। विनय कुमार ने कहा कि टिकट वितरण में विशेष सावधानी बरती जाएगी और केवल जीतने की क्षमता रखने वाले उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारा जाएगा, ताकि किसी भी तरह की आंतरिक कलह से बचा जा सके।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल गुटबाजी का शिकार है और उसके नेता आपसी मतभेदों के चलते बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए नेता वहां अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें खुद नहीं पता कि वे किस गुट के साथ खड़े हैं।कुल मिलाकर, कांग्रेस इस प्रशिक्षण शिविर के जरिए संगठन को नई दिशा देने और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करने की कोशिश में जुटी हुई है।

## हमीरपुर में एनएसयूआई का संकल्प

# खेलकूद के जरिए दिया नशा मुक्त हिमाचल का संदेश

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



हमीरपुर में एनएसयूआई ने अपने 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। अणु सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित इस कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से 'ड्रग फ्री हिमाचल' का संदेश दिया गया।इस मौके पर प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के संयोजक नरेश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष टोनी ठाकुर और युवा प्रवक्ता चंदन ठाकुर भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले युवाओं को सम्मानित भी किया गया, जिससे उनमें सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का संचार हो सके।एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष टोनी ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय है और इसे रोकने के लिए युवाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा पूरे प्रदेश में स्थापना दिवस के अवसर पर इसी थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं तक संदेश पहुंच सके।मुख्य अतिथि नरेश ठाकुर ने एनएसयूआई के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद के माध्यम से युवाओं को जोड़कर नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का यह एक प्रभावी तरीका है।कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया गया।

# शिमला में 290 से अधिक प्रजातियों का बसेरा

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला जिला पक्षी प्रेमियों और प्रकृति के चाहने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है। बर्ड काउंट इंडिया के अनुसार, शिमला में अब तक 290 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं, जो इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती हैं। वहीं पूरे हिमाचल प्रदेश में करीब 650 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिससे यह राज्य पक्षियों के लिए एक प्रमुख आवास स्थल बन गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, शिमला में पक्षियों का आवागमन मौसम के अनुसार होता है। हर साल कई प्रवासी पक्षी यहां आते हैं और मौसम बदलने पर अन्य स्थानों की ओर लौट जाते हैं। गर्मियों के दौरान लगभग 15 से 20 प्रजातियां यहां अपना बसेरा बनाती हैं, जबकि सर्दियों में 25 से 30 प्रजातियां निचले क्षेत्रों की ओर पलायन कर जाती हैं।

# चिंतपूर्णी में स्मार्ट मीटर योजना शुरू, बिजली बिलिंग होगी आसान और सटीक

विकास | चिंतपूर्णी
समर न्यूज़



विद्युत उपमंडल भरवांई के अंतर्गत आने वाले चिंतपूर्णी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। विभाग ने यहां पुराने डिजिटल मीटरों को हटाकर स्मार्ट सोलर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल की शुरुआत हाल ही में एक स्थानीय होटल में नए स्मार्ट मीटर की स्थापना के साथ की गई।

इन मीटरों को निजी ठेकेदारों के माध्यम से लगाया जा रहा है, जबकि पूरी प्रक्रिया के दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहकर निगरानी कर रहे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सटीक बिलिंग सुविधा मिल सके।विद्युत विभाग के एसडीओ त्रिलोक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी नए सोलर कनेक्शनों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जाएंगे। इन मीटरों की खासियत यह है कि बिजली की खपत का डेटा स्वतः ही विभाग के सिस्टम तक पहुंच जाता है, जिससे रीडिंग लेने के लिए किसी कर्मचारी या मशीन की आवश्यकता नहीं पड़ती।इस नई तकनीक से बिलिंग में होने वाली त्रुटियों को कम किया जा सकेगा और उपभोक्ताओं को सही समय पर सटीक बिल मिल पाएगा। फिलहाल यह व्यवस्था नए कनेक्शनों में लागू की जा रही है, लेकिन भविष्य में पुराने सोलर उपभोक्ताओं को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

# जो अपनी कोई योजना चला नहीं सकते, उन्हें दूसरों की रोकने में आता है आनंदः जयराम

समर न्यूज़ | मंडी



सराज विधानसभा के बालीचौकी में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस हिम केयर ने 11 लाख से ज्यादा लोगों को इलाज के जरिए जिंदगी दी, उस हिम केयर योजना को मुख्यमंत्री साजिश के तहत बंद करना चाहते हैं। इसीलिए वह लगातार झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं, जिससे इस योजना की छवि धूमिल हो और उन्हें इसे बंद करने का मौका मिल जाए। उनके झूठ हर दिन बेनकाब होते हैं, लेकिन अगले दिन फिर उसी बेशर्मी और साफगोई से नया झूठ बोलते हैं। सदन में हिम केयर में 1100 करोड़ के घोटाले को लेकर उनके बयान को पूरे प्रदेश ने पढ़ा और सुना था। जब हमने तर्कों के साथ उनकी इस बात का खंडन किया और उनसे प्रमाण मांगे, तो उन्होंने माफी मांगी और कहा कि हमसे गलती हो गई। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी की हमने ऑडिट करवाई थी और वहां पर 110 से 120 करोड़ रुपए का घोटाला निकला है। उससे भी हैरानी की बात यह है कि जब हमने जांच की, तो पता चला कि 2019 से 2022 के बीच हिम केयर के तहत आईजीएमसी में हमारी सरकार के समय लगभग 60 करोड़ का भुगतान किया गया था। फिर भी सुक्खू जी आईजीएमसी में 110 से 120 करोड़ रुपए का घोटाला निकाल लाए हैं। यह सरकार हिम केयर को बंद करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। इसी बजट सत्र में विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम केयर में 1100 करोड़ का घोटाला हुआ है। जब हमने आंकड़े रखे कि हमारी सरकार में कुल इलाज ही 441 करोड़ का हुआ है, तो मुख्यमंत्री को समझ आया कि झूठ बेनकाब हो गया, तो उन्होंने कहा कि हमसे गलती हो गई। यह एक संस्थान का मामला है, 120 करोड़ का घोटाला है। अब यह देखना है कि जब यह तय हो गया कि हमारी सरकार के समय आईजीएमसी में हिम केयर के तहत लगभग 60 करोड़ का ही भुगतान हुआ है, तो वह 120 करोड़ का घोटाला कहां से लाए हैं। अब वह क्या झूठ बोलते हैं, यह देखना बाकी है।

परेशान

## आए दिन हो रहे कुतों के हमलों से परेशान हुए लोग

# हमीरपुर के बड़ू में आवारा कुते ने नोच डाले चार लोग

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



हमीरपुर के बड़ू चौक पर आवारा कुते ने चार लोगों को नोचने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवारा कुते ने सडक किनारे जा रहे एक बुजुर्ग पर हमला बोल दिया और देखते ही देखते बुजुर्ग की दोनों बाजूओं को जख्मी कर दिया। वहीं बीच बचाव में आए हुए लोगों पर भी कुता झपट पडा और उनहें भी खरोच लगाई है। वहीं इस घटना के बाद बड़ू क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय दुकानदार संजू ने बताया कि आज सुबह के समय भी कुते ने पांच छह बच्चों को भी काटा है और अभी चार लोगों को काट चुका है। उन्होंने बताया कि इन कुतों की वजह से लोगों को बाहर निकलना भी दूभर बना हुआ है। उन्होंने मांग करते हूए कहा कि प्रशासन को चाहिए कि इन आवारा कुतों को यहां से कही और छोडा जाए।

वहीं बुजुर्ग ने बताया कि गाडी लगाकर घर की ओर जा रहा था लेकिन रास्तें में कुते ने पीछै से पकडा और झपट पडा।

उन्होंने बताया कि कुतों की बढती तादाद से सभी बहुत परेशान है। वहीं महिला ने बताया कि बड़ू में आवारा कुते बहुत है और बाहर निकलने में भी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि कुतों को रेबीज के टीके लगाए जा रहे है और यहां पर भी कुतों को वेक्सीनेशन करवानी चाहिए।

# राजीव बिंदल ने चुनाव प्रक्रिया से छेड़छाड़ के लगाए आरोप

समर न्यूज़ | शिमला

शिमला में पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पहले लंबे समय तक चुनाव टालने की कोशिश की और मामला न्यायालय तक पहुंचा। न्यायालय के निर्देश के बाद अब चुनाव करवाने की प्रक्रिया शुरू तो की गई है, लेकिन उसमें पारदर्शिता की कमी दिखाई दे रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि आरक्षण रोस्टर में लगातार बदलाव से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। उनके अनुसार, एक ही पंचायत के आरक्षण में बार-बार बदलाव किए जा रहे हैं, जिससे संभावित उम्मीदवारों और आम लोगों में असमंजस फैल रहा है।

# 14 साल पुराने डीएवी कॉलेज हिंसा केस में बड़ा खुलासा : पुलिस रिकॉर्ड नष्ट, गवाह मुकरे

## रिकॉर्ड गायब होने और गवाहों के पलटने से केस की सुनवाई पर असर, केवल लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ ट्रायल जारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज में साल 2012 में हुई हिंसक छात्र झड़प और हत्या के प्रयास के चर्चित मामले में बुधवार को सुनवाई के दौरान एक बड़ा खुलासा सामने आया। पुलिस ने अदालत को बताया कि इस 14 साल पुराने मामले का रिकॉर्ड अब नष्ट हो चुका है। इस जानकारी के सामने आने के बाद केस की सुनवाई और उसके भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बचाव पक्ष के वकील हरीश भारद्वाज के मुताबिक, ट्रायल के दौरान पुलिस ने स्पष्ट रूप से कोर्ट में कहा कि इतने पुराने मामले से संबंधित रिकॉर्ड अब उपलब्ध नहीं है। इससे केस की प्रगति प्रभावित हो सकती है। वहीं, इस मामले में पहले ही दो गवाहों को छोड़ा जा चुका है और अन्य गवाहों के रवैये ने भी केस को कमजोर कर दिया है।

सरकारी पक्ष के लिए भी यह मामला चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

केस का एक अहम गवाह नवनीत सिंह अपने पहले दिए गए बयान से मुकर गया और अदालत में आरोपी की पहचान करने से इंकार कर दिया। इसके चलते अदालत ने उसे 'होस्टाइल' घोषित कर दिया। इससे पहले भी एक चश्मदीद गवाह कोर्ट में अपने बयान से पलट चुका है। उसने साफ तौर पर कहा कि वह आरोपी लॉरेंस को न तो जानता है और न ही पहचानता है। इस घटनाक्रम ने केस को नया मोड़ दे दिया है।



**▪ स्टार नाइट के दौरान हुआ था हमला**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, यह घटना मार्च 2012 की है, जब पंजाब यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति से जुड़े दो संगठनों के समर्थकों के बीच विवाद हुआ था। शिकायतकर्ता अंकित ग्रोवर ने बताया था कि वह अपने साथियों के साथ यूनिवर्सिटी गया था, जहां पूसू (पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन) के नेता जीवनजोत चहल को चेयरमैन घोषित किया गया था। इसके बाद सभी छात्र सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज में आयोजित एक स्टार नाइट कार्यक्रम में पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी (सोपू) से जुड़े युवकों का एक समूह, जिसका नेतृत्व लॉरेंस बिश्नोई और अमनदीप सिंह मुल्तानी कर रहे थे, कॉलेज के पिछले गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस आया।

**▪ फायरिंग और हथियारों से हमला, कई छात्र घायल**

शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पूसू समर्थकों पर हमला कर दिया। इस दौरान न केवल गोली चलाई गई, बल्कि तेजधार हथियारों और डंडों का भी इस्तेमाल किया गया। इस हमले में कई छात्र घायल हो गए थे। पूसू के सदस्य चरनदेव सिंह को गोली लगने का भी आरोप लगाया गया था, जिससे मामला और गंभीर हो गया था।

घटना के बाद सेक्टर-3 थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 148 और 149 (हथियारबंद दंगा), 452 (जबरन प्रवेश), 323 और 325 (मारपीट), 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया था। इसके अलावा शस्त्र अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया था।

**▪ कई आरोपी बरी, केवल लॉरेंस पर ट्रायल जारी**

समय के साथ केस में गवाहों के मुकरने और सबूतों के अभाव के चलते निचली अदालत ने छह आरोपियों को बरी कर दिया था। इनमें अमनदीप सिंह मुल्तानी, विक्रमजीत सिंह, तरसेम सिंह और रणजोत सिंह समेत अन्य शामिल हैं। वर्तमान में इस केस में केवल लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ ही सुनवाई जारी है। उसे पहले भगोड़ा घोषित किया गया था। जनवरी 2022 में अदालत द्वारा आरोप तय किए जाने के बाद अब इस मामले का ट्रायल चल रहा है।

# ज्वेलरी वर्कशॉप में लूटपाट, डायरेक्टर पर जानलेवा हमला

समर न्यूज़ | मोहाली




औद्योगिक क्षेत्र फेज-8बी में देर रात एक ज्वेलरी वर्कशॉप को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान वर्कशॉप के डायरेक्टर पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, वर्कशॉप के डायरेक्टर करणवीर सिंह गोसल अपने कर्मचारी श्रीकांत दास के साथ प्लॉट नंबर-19 स्थित परिसर में ही रह रहे थे। बुधवार तड़के करीब 3:30 बजे तीन युवक ताला तोड़कर अंदर घुस आए। अंदर घुसते ही हमलावरों ने तेजधार हथियार और लोहे की रॉड से करणवीर सिंह पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों को उनके सिर पर 21 टांके लगाने पड़े।

हमलावरों ने उनसे तिजोरी की चाबी मांगी, लेकिन उन्होंने चाबी देने से इनकार कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया, जिसमें एटीएम, आधार और पैन कार्ड मौजूद थे। इसके अलावा आरोपियों ने वर्कशॉप की तलाशी लेकर करीब 500 चांदी के गहने, कुछ नकली आभूषण और सीसीटीवी की डीवीआर भी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सारा सामान एक काले बैग में भरकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

# मोहाली में बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 9 मोटरसाइकिलें बरामद

समर न्यूज़ | मोहाली

मोहाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए डेराबस्सी सब-डिवीजन में सक्रिय एक अंतरराज्यीय बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह जानकारी एसएसपी मोहाली हरमिंदरदीप सिंह हंस (आईपीएस) ने बुधवार को दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अक्षय खान निवासी शेखपुर कलां, डेराबस्सी और राजू निवासी गली नंबर 9, गुलाबगढ़ रोड, डेराबस्सी के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना डेराबस्सी में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और संभावित खरीदारों की तलाश में जुटी है।

# विधायक रंधावा ने नए ट्यूबवेल का उद्घाटन कर कार्य की शुरुआत की



गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़

हल्का विधायक सरदार कुलजीत सिंह रंधावा ने आज ज़ीरकपुर नगर काउंसिल के अंतर्गत आने वाले गांव नगला (वार्ड नंबर 12) में नए ट्यूबवेल का उद्घाटन कर कार्य की शुरुआत की। विधायक रंधावा ने बताया कि यह ट्यूबवेल परियोजना 40.53 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही है, जिससे क्षेत्र में पीने के पानी की सप्लाई को और सुचारु बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को साफ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी और मेहनत से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान, काउंसलर, आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर, स्थानीय निवासी और अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर में अपराध और ट्रैफिक उल्लंघनों पर नजर रखने वाले सीसीटीवी सिस्टम को चोरों ने बनाया निशाना

समर न्यूज़ | मोहाली

शहर में अपराध और ट्रैफिक उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सिटी सर्विलांस एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (सीसीटीवी) को चोरों ने निशाना बनाया।

ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने करीब 15 सीसीटीवी कैमरों की बैटरियां चोरी कर लीं, जिससे कुछ समय के लिए निगरानी व्यवस्था प्रभावित हो गई। यह घटना कोर्ट कॉम्प्लेक्स से फेज-5 स्थित भैणां का ढाबा मार्ग पर सामने आई है।

पंजाब पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की ओर से मोहाली शहर में लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से रोजाना सैकड़ों ऑनलाइन चालान काटे जाते हैं और अपराधियों की गतिविधियों



पर भी नजर रखी जाती है। ऐसे में बैटरियों की चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस संबंध में भोपाल स्थित टैक्नोसिसिस कंपनी, जो इन कैमरों के इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संभाल रही है, ने सोहाना और फेज-1 थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी इंस्टॉलेशन के शुरुआती दौर में बैटरियां चोरी हो चुकी हैं, जिसके चलते ऑनलाइन चालान सिस्टम शुरू करने में देरी हुई थी। उस समय भी पुलिस ने केस दर्ज किया था।

हालिया घटना के बाद कंपनी ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से यह स्पष्ट है कि चोर अब हाईटेक सिस्टम को भी निशाना बना रहे हैं।

> "आगे ऐसी चोरियां ना हो इसके लिए कंपनी के सीनियन अधिकारियों से बातचीत कर इस सिस्टम को और मजबूत करवाने के लिए बात चल रही है। बैटरियां चोरी होने के बावजूद ऑनलाइन चालान प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई, क्योंकि उनके पास अतिरिक्त स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध रहते हैं। बैटरियां चोरी की सूचना मिलते ही नई बैटरियां तुरंत इंस्टॉल करवा दी गई थी।
>
> **अंबुज सिंह, मैनेजर टैक्नोसिस कंपनी**
>
> --------
>
> "मैंने अपने मुलाजिम से पूछा है ऐसी कोई चोरी नहीं हुई है। मेरे मोहाली में चार्ज लेने से पहले चोरी हुई थी जिसमें मामला दर्ज कर लिया गया था।
>
> **करनैल सिंह, डीएसपी ट्रैफिक**

# कोटकपूरा गोलीकांड केस चंडीगढ़ ट्रांसफर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

फरीदकोट में बहुचर्चित कोटकपूरा गोलीकांड मामले की सुनवाई अब चंडीगढ़ की अदालत में होगी। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर यह केस फरीदकोट से ट्रांसफर किया गया है। यह फैसला आरोपी पूर्व एसएसपी चरणजीत सिंह की याचिका पर लिया गया, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था। बचाव पक्ष के वकील तनहीर सिंह ने कहा कि पेशी के दौरान उनके मुवक्किल को खतरा महसूस होता था। इससे पहले बहबल कलां गोलीकांड का मामला भी चंडीगढ़ स्थानांतरित किया जा चुका है। वकील अमित गुप्ता के अनुसार अब सभी संबंधित मामलों की सुनवाई एक ही अदालत में होने से प्रक्रिया तेज होगी, क्योंकि गवाह और घटनाएं आपस में जुड़ी हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आरबीयू में वॉकाथॉन का आयोजन




समर न्यूज़ | मोहाली

रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के एनएसएस विभाग द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर क्लियर मेडी बाहरा हेल्थकेयर अस्पताल के सहयोग से एक वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आरबीयू के डायरेक्टर एनएसएस प्रो. ए.एस. चहल ने बताया कि एनएसएस वालंटियर्स ने बड़े उत्साह के साथ इस वॉकाथॉन में भाग लिया और लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय की। उन्होंने कहा कि यह रैली नियमित शारीरिक गतिविधि और समग्र स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुई। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकीय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान भी दिया गया, जिसमें शारीरिक फिटनेस बनाए रखने और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में सैर की भूमिका पर जोर दिया गया। उन्होंने नियमित व्यायाम और स्वस्थ आदतें अपनाने का भी संदेश दिया। इस अवसर पर क्लियर मेडी बाहरा हेल्थकेयर (उत्तर क्षेत्र) के क्लस्टर हेड विवान सिंह गिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# घरेलू विवाद में पहुंचे पुलिसकर्मी से मारपीट, वर्दी फाड़ी, केस दर्ज

समर न्यूज़ | मोहाली

सेक्टर-110 स्थित टीडीआई सिटी में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। हेड कांस्टेबल तरलोचन पुरी ने बताया कि वह एएसआई दलवीर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे थे, जहां सुरिंदर सिंह और जोगिंदर सिंह ने गाली-गलौज करते हुए हमला करने की कोशिश की और वर्दी फाड़ दी। आरोपियों ने पीछा भी किया, लेकिन सिक्योरिटी गार्ड की मदद से पुलिसकर्मी बच गया। इस घटना से ड्यूटी में बाधा उत्पन्न हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी सुरिंदर सिंह निवासी मकान नंबर 1808, सेक्टर-110 टीडीआई सिटी, मोहाली और जोगिंदर सिंह निवासी गांव सोहाना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221, 115(2), 296 और 351 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधायक कुलवंत सिंह ने मोहाली हलके से 20वीं बस रवाना की

समर न्यूज़ | मोहाली

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज मोहाली हलके से विधायक कुलवंत सिंह द्वारा 20वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस बस में वार्ड नंबर 11 और 12 के श्रद्धालु सवार थे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि ये श्रद्धालु श्री दरबार साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर और जलियांवाला बाग के जाएंगे। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि सभी यात्रियों की मनोकामनाएं पूर्ण हों।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा यात्रियों के ठहरने, भोजन और सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक बस के साथ एक गाइड तथा वरिष्ठ नागरिकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए एक विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध कराया गया है,



ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

विधायक ने कहा कि यह यात्रा 3 दिन और 2 रातों की होगी, जिसके दौरान न केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन होंगे, बल्कि लोगों के बीच आपसी भाईचारा भी मजबूत होगा। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो इस योजना की लोकप्रियता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने ऐसी जनहितैषी योजनाओं को कभी प्राथमिकता नहीं दी, जबकि वर्तमान सरकार आम लोगों की सुविधा के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद किया।

जिन्होंने इस योजना की शुरुआत कर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया है।

# आईटी कंपनी का डेटा व लैपटॉप चोरी, केस दर्ज

समर न्यूज़ | मोहाली

साइबर क्राइम पुलिस ने एक आईटी कंपनी के डेटा और लैपटॉप चोरी करने के आरोप में पूर्व कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर जांच पूरी होने के बाद की गई है। शिकायतकर्ता अक्षय तिवारी, मैनेजिंग डायरेक्टर एसोफटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (अब एपट्रिक्स आईटी सॉल्यूशंस) ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि उनकी कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों ने आपसी साजिश के तहत कंपनी का संवेदनशील डेटा और लैपटॉप चोरी कर लिए। कंपनी का दफ्तर फेज-8ए, इंडस्ट्रियल एरिया, मोहाली में स्थित है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आरोपी सिमरनजीत सिंह उर्फ रोबिन सिंह निवासी गोबिंद एन्क्लेव, सेक्टर-117 खरड़, कंपनी में कार्यरत था। आरोप है कि उसने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर 12 अगस्त 2025 को बिना नोटिस नौकरी छोड़ दी और कंपनी के करीब 14 लैपटॉप व महत्वपूर्ण डेटा अपने साथ ले गया। इससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। शिकायत में यह भी कहा गया कि आरोपियों ने चोरी किए गए डेटा का दुरुपयोग कर खुद की कंपनी शुरू कर ली और पुराने क्लाइंट्स से संपर्क कर व्यवसाय हथियाने की कोशिश की। वहीं, कुछ आरोपियों द्वारा कंपनी के सिस्टम डेटा को डिलीट और लैपटॉप रीसेट करने के भी आरोप लगे हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि वेतन न मिलने का आरोप सिविल प्रकृति का मामला है, जबकि लैपटॉप व डेटा बिना अनुमति ले जाना और उसका दुरुपयोग करना आपराधिक श्रेणी में आता है। जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी सिमरनजीत सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और आईटी एक्ट की धारा 43 व 66 के तहत मामला दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।

# गुरु नानक ग्लोबल फाउंडेशन और गुरु काशी विश्वविद्यालय के बीच समझौता

## पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए राइज़ कार्यक्रम की शुरुआत

समर न्यूज़ | मोहाली

गुरु नानक ग्लोबल फाउंडेशन (भारत) और गुरु काशी विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए "राइज़ कार्यक्रम" शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सतत विकास, नई सोच और उद्यमिता के क्षेत्रों में विद्यार्थियों को व्यावहारिक और प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस योजना को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चरण में विद्यार्थियों को सतत विकास के मूल सिद्धांतों, प्रणालीगत सोच और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी जाएगी। दूसरे चरण में विद्यार्थियों को नई सोच विकसित करने, तकनीक का सही उपयोग करने और नए व्यावसायिक तरीकों को समझने की प्रशिक्षण दी जाएगी। तीसरे और अंतिम चरण में उद्यम शुरू करने, आर्थिक समझ और नैतिक नेतृत्व से जुड़े विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार विद्यार्थी समाज और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम बनेंगे।

इस अवसर पर गुरु नानक देव ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर और फाउंडेशन के संस्थापक बलजीत सिंह ने कहा कि यह साझेदारी शिक्षा को वास्तविक जीवन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में सतत सोच, नई विचारधाराएं और नैतिक नेतृत्व के गुण विकसित किए जाएंगे, ताकि वे भविष्य में समाज के लिए उपयोगी भूमिका निभा सकें। गुरु काशी विश्वविद्यालय, जो अपने उच्च शैक्षणिक मानकों के लिए जाना जाता है, इस कार्यक्रम को पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एक अतिरिक्त योग्यता के रूप में शामिल करेगा। यह पहल नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसमें बहुआयामी शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया गया है। यह साझेदारी शिक्षा और वास्तविक जीवन की आवश्यकताओं के बीच सेतु का कार्य करेगी, जिससे विद्यार्थी जिम्मेदार, जागरूक और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले नागरिक बन सकेंगे।

**विकास** | हलके के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी

# विधायक ने विकास कार्यों हेतु चेक वितरित किए

समर न्यूज़ | मोहाली

विधानसभा हलका मोहाली के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता के तहत विधायक कुलवंत सिंह ने आज सेक्टर-79 स्थित अपने कार्यालय में जिला योजना बोर्ड की चेयरपर्सन इंजीनियर प्रभजोत कौर की उपस्थिति में पंचों और सरपंचों को विकास कार्यों के लिए कुल 1 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए।

यह राशि "पी.एम. 05 – यूनाइटेड फंड्स ऑफ डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी" की स्पेसिफिक स्कीम के तहत वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गई है। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मोहाली हलके में विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हलके में बड़े स्तर पर खेल मैदान तैयार किए जा रहे हैं, सड़कों की मरम्मत की



जा रही है और स्कूलों में नए कमरे बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कार्ड बनाए जा रहे हैं तथा महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं का पंजीकरण भी जारी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जनहित कार्यों को प्राथमिकता नहीं दी, जबकि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब को पुनः "रंगला पंजाब" बनाने के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है। विधायक ने बताया कि विभिन्न गांवों में इंटरलॉक टाइल्स, कम्युनिटी सेंटर, ओपन जिम, श्मशान घाटों की मरम्मत, धर्मशालाओं की मरम्मत, पंचायत घरों के नवीनीकरण तथा पार्कों के निर्माण सहित कई विकास कार्यों के लिए राशि जारी की गई है। उन्होंने पंचों और सरपंचों से अपील की कि वे इन कार्यों की स्वयं निगरानी कर उन्हें समय पर पूरा करवाएं। इस मौके पर अपने संबोधन में जिला योजना बोर्ड की चेयरपर्सन इंजीनियर प्रभजोत कौर ने कहा कि विधायक कुलवंत सिंह लगातार मोहाली के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे भविष्य में भी उनका समर्थन करें। इस कार्यक्रम के दौरान गोविंदर मित्तल (चेयरमैन, मार्केट कमेटी मोहाली), आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह समाणा सहित बड़ी संख्या में पंच, सरपंच अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस विधायक ने कहा यह लोकतंत्र की जीत



राम | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला में वार्डबंदी को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कांग्रेस विधायक चाँद मोहन ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में की गई वार्डबंदी प्रक्रिया पर पहले ही आपत्ति जताई गई थी, लेकिन प्रशासन ने इसे नजरअंदाज किया। एससी वार्डों की संख्या में कमी और आरक्षण प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए थे। हाई कोर्ट के फैसले के बाद प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। अन्य नेताओं ने भी फैसले का समर्थन किया।

# मध्य पूर्व संकटः 14 दिन का सीज़फायर; शांति या तूफान से पहले की खामोशी

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

यूनाइटेड स्टेट, ईरान ओर इज़राइल के बीच घोषित 14 दिनों का सीज़फायर कोई साधारण राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर चल रही ताकत की खींचतान का एक नाजुक मोड़ है। ऊपर से यह एक राहत जैसा दिखाई देता है, लेकिन वास्तव में यह एक ऐसा विराम है जिसके भीतर बेचैनी, अनिश्चितता और अगले कदम की तैयारी छिपी हुई है।

पिछले कुछ हफ्तों में जिस तरह हमलों की तीव्रता बढ़ी, उसने यह साफ कर दिया कि हालात किसी भी समय पूरे क्षेत्र को भयंकर आग में झोंक सकते थे। हवाई हमले, मिसाइलों की बारिश और रणनीतिक ठिकानों पर सटीक निशानेबाजी ने इस संघर्ष को केवल दो-तीन देशों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे पूरी दुनिया की चिंता का केंद्र बना दिया। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे अहम बात यह है कि यह संघर्ष पारंपरिक अर्थों में नहीं लड़ा जा रहा। पहले युद्धों का फैसला मैदानों में होता था, लेकिन अब असली निर्णायक वे स्थान बन गए हैं जहाँ दुनिया की आर्थिक धड़कन बसती है। स्ट्रेट ऑफ होरमुज़, जिसे वैश्विक तेल आपूर्ति का एक अहम द्वार माना जाता है, इस टकराव का केंद्र बनकर उभरा है। जब इस पर दबाव बना, तो उसका असर केवल क्षेत्रीय सीमाओं तक नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया ने उसकी गूंज महसूस की। तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव ने यह दिखा दिया कि किसी एक क्षेत्र में पैदा हुआ तनाव किस तरह पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जो बड़े पैमाने पर तेल आयात करते हैं, यह स्थिति सीधे आर्थिक दबाव का कारण बन सकती है।




इसके साथ ही, इस टकराव ने ताकत की परिभाषा को भी बदलकर रख दिया है। अब केवल सैन्य शक्ति ही पर्याप्त नहीं रह गई। आर्थिक प्रभाव, रणनीतिक स्थानों पर नियंत्रण और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो चुकी है। ईरान द्वारा अपने प्रभाव का प्रदर्शन, अमेरिका द्वारा अपनी सैन्य क्षमता का संकेत और इज़राइल द्वारा अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास— ये सभी एक बड़ी तस्वीर के हिस्से हैं, जिसमें हर पक्ष अपनी स्थिति मजबूत करने में लगा है, न कि केवल निर्णायक जीत हासिल करने में। कूटनीतिक स्तर पर भी इस स्थिति ने नए संकेत दिए हैं। पहले ऐसे संघर्षों में कुछ ही महाशक्तियाँ निर्णायक भूमिका निभाती थीं, लेकिन अब अन्य देश भी सक्रिय होकर सामने आ रहे हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि वैश्विक राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जहाँ शक्ति कई केंद्रों में बंट रही है। यह बहुध्रुवीय व्यवस्था भविष्य में और जटिलताएँ ला सकती है, लेकिन साथ ही यह संभावना भी पैदा करती है कि विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाकर समाधान निकाला जा सके। हालाँकि, इस सीज़फायर के बावजूद ज़मीनी हालात बेहद नाज़ुक बने हुए हैं।

दोनों पक्षों की ओर से सख्त बयानबाज़ी जारी है और भरोसे की कमी साफ दिखाई देती है। कोई भी छोटी घटना इस विराम को खत्म कर सकती है और हालात फिर से भड़क सकते हैं। यही कारण है कि ये 14 दिन बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं, क्योंकि इसी अवधि में यह तय होगा कि यह टकराव नियंत्रण में रहेगा या फैलकर और देशों को अपनी चपेट में ले लेगा। इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब दुनिया केवल दर्शक नहीं रही। हर देश, चाहे छोटा हो या बड़ा, इस स्थिति के प्रभाव को महसूस कर रहा है। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, सुरक्षा संबंधी चिंताएँ और राजनीतिक दबाव—ये सभी मिलकर एक ऐसा वातावरण बना रहे हैं जहाँ हर निर्णय बेहद सोच-समझकर लेना पड़ रहा है। अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि यह 14 दिनों का विराम केवल एक ठहराव नहीं, बल्कि एक परीक्षा है— सिर्फ इस क्षेत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। यह समय तय करेगा कि क्या मानवता इस टकराव से सीख लेकर आगे बढ़ेगी या फिर एक और बड़े संघर्ष की ओर कदम बढ़ाएगी। मौजूदा खामोशी के भीतर एक ऐसा सन्नाटा छिपा हुआ है जो किसी भी क्षण तूफान का रूप ले सकता है। इसलिए, वर्तमान स्थिति को केवल शांति समझना एक भूल होगी यह दरअसल वह क्षण है जहाँ इतिहास अपने अगले अध्याय की तैयारी कर रहा है।

## डिंपल राणा की और से खाने के बहाने इकट्ठे किए पुराने कांग्रेसी

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़



जिला यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डिंपल राणा के नेतृत्व में बीस वर्ष पुराने दोस्तो ने वीरवार को नाश्ते के बहाने टेबल पर पुरानी यादों का सांझा कर रिश्तों की डोर को मजबूत किया, शिवपुरी चौंक स्थित डिंपल राणा की ओर से आयोजित पुराने दोस्तों की मिलनी कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू विशेष तौर पर शामिल हुए। 9 बजे से शुरु कार्यक्रम में दोस्तो ने पुरानी यादों का ताजा करते हुए एक साथ निभाए बेशकीमती पलों को सांझा किया,पुरानी यादों में दोस्त ऐसे खो गए कि समय का पता ही नहीं चला की कब सुबह से दोपहर हो गई। भारत भूषण आशू ने डिंपल राणा के प्रयासों से वर्षो पुराने मित्रों के साथ हुई मुलाकात को जीवन का अदभुत अनुभव बताते हुए कहा कि आज ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे वर्षो पूर्व की जीवन लौट आया हो। डिंपल राणा ने सभी दोस्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यस्त जीवन में से कुछ फुरसत के पलों ने हमें बीस वर्ष पुराने रिश्तो की डोर के साथ फिर से बांधकर पुरानी यादों को ताजा कर दिया है। इस दौरान सभी दोस्तों ने व्हाटसएप व फेसबुक पर मिलने की बजाए फेस-टू-फेस मिलने के वायदे के साथ विदाई ली। इस अवसर पर इकबाल सिंह सोनू डीको, अरुण शर्मा, राजू अरोड़ा, गुरप्रतीत दुगरी, योगेश हांडा, साबी तूर, मीनू मल्होत्रा , स्वर्ण जस्सा, कुलदीप शर्मा, तजिन्द्र चहल, संत सिंह राणा, कश्मीर सिंह पटियाल, अनिल ठाकुर, राकेश मिन्हास, अमित डोगरा,सोनी राणा, समीर शर्मा, हरीश दुआ, मिंटू राणा, संजीव कतना,लव्ली राजपूत, नरेश राणा, आशू राणा, नीटी बजाज, विक्की गाबा, जे.पी ग्रेवाल, ललित कोचर, अमित डडीच, माम चंद राणा, कपिल शक्करवाल, रिंकू राणा, राकेश पाठक, कपिल मेहता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## चाइल्ड डेथ रिव्यू की बैठक, बच्चों की मृत्यु दर घटाने पर जोर

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में बच्चों की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर की अगुवाई में चाइल्ड डेथ रिव्यू बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हरप्रीत सिंह और नोडल अधिकारी डॉ. जसकरण सिंह सहित विभिन्न स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बच्चों की मौत के मामलों की समीक्षा कर कारणों का विश्लेषण करना और सुधार के लिए आवश्यक कदम तय करना था। इस दौरान रिपोर्टिंग प्रणाली को और मजबूत बनाने तथा डेटा की गुणवत्ता और सटीकता सुधारने पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने समय पर रिपोर्टिंग, केस विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित सुधारात्मक कदमों पर विशेष जोर दिया।

## लुधियाना के थाने में महिला की मौत को लेकर केस सीबीआई कोर्ट में चलेगा

कुलदीप काला | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के थाना दुगरी में साल 2017 में महिला रमनदीप कौर की कस्टडी में मौत केस में अहम मोड़ आया है, स्पेशल सीबीआई कोर्ट मोहाली ने दो रिटायर्ड पंजाब पुलिस अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में संज्ञान लेते हुए ट्रायल चलाने का आदेश दिया है। अदालत ने पूर्व थाना दुगरी इंचार्ज दलवीर सिंह और रिटायर्ड सहायक थानेदार मनजीत सिंह को 1 मई 2026 को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया है। दोनों पर आपराधिक साजिश, सबूतों से छेड़छाड़, अवैध हिरासत औरआईपीसी की अन्य धाराओं में केस चलेगा। मामले के तूल पकड़ने के बाद पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने जांच सेंट्रल ब्यूरो आफ इनवेस्टिगेशन को सौंप दी थी। सीबीआई की रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए,महिला और उसके साथी को अवैध रूप से हिरासत में रखा गया गिरफ्तारी और तलाशी के दस्तावेज फर्जी पाए गए। कई दस्तावेज मौत के बाद तैयार किए गए है,रिकॉर्ड में जाली हस्ताक्षर किए गए है मालखाना रजिस्टर में एंट्री गायब मिली है, दस्तावेजों में भारी गड़बड़ी और छेड़छाड़ के संकेत मिले हैं अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद तथ्यों को पर्याप्त मानते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चलाने के लिए प्राइमा फेसिया केस बनता है, इसके बाद औपचारिक रूप से संज्ञान लेकर ट्रायल शुरू करने का आदेश दिया गया।

शिकायतकर्ता मुकुल गर्ग के मुताबिक 3 अगस्त 2017 को दुगरी पुलिस ने उन्हें और उनकी मंगेतर को गिरफ्तार किया, दोनों पर साइबर क्राइम और अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगाया था। 4-5 अगस्त की रात पूछताछ के दौरान प्रताड़ना से रमनदीप की मौत हुई है,शिकायत देने के बाद पुलिस ने रिकॉर्ड में हेरफेर किया।2019 में हाईकोर्ट के निर्देश पर बनी सिट ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मौत को आत्महत्या बताया था, न कि गला घोंटना। हालांकि चार पुलिसकर्मियों पर लापरवाही से मौत का केस दर्ज किया गया था,सीबीआई ने जांच में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी लिए थे, लेकिन उनके खिलाफ केस की मंजूरी नहीं मिली। पंजाब सरकार के तत्कालीन गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में गेहूं खरीद शुरू

### सरकार ने मौजूदा गेहूं खरीद सीजन में किसानों की मदद के लिए पूरे इंतज़ाम किएः तरुणप्रीत सौंद

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने गेहूं खरीद सीजन 2026-27 की औपचारिक शुरुआत एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में कर दी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद, लुधियाना डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन,एसएसपी खन्ना दर्पण आहलूवालिया मौजूद रहे। सरकार ने किसानों को बिना किसी परेशानी के फसल बेचने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है।

**किसानों के लिए पुख्ता इंतज़ाम, 30973 करोड़ की सीसीएल मंजूर**

कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि राज्य सरकार ने मौजूदा खरीद सीजन के लिए 30,973 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट (सीसीएल) हासिल की है। इस बार 122 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 132 लाख मीट्रिक टन तक खरीद की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सरकार हर दाने की खरीद के लिए प्रतिबद्ध है।

**एमएसपी पर खरीद और 24 घंटे में भुगतान का वादा**

मंत्री तरुणप्रीत सौंद ने कहा कि गेहूं की खरीद लाल चंद कटारूचक के विभाग की निगरानी में 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर की जाएगी। किसानों को उनकी फसल का भुगतान 24 घंटे के भीतर सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी तरह की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

**मंडियों में सुविधाएं पूरी, 24 घंटे में बिक्री प्रक्रिया पूरी**

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने बताया कि लुधियाना जिले की सभी मंडियों में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, बाथरूम और स्टोरेज की पूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि किसान मंडी में आने के 24 घंटे के भीतर अपनी फसल बेचकर वापस जा सकेंगे। साथ ही, गेहूं की लिफ्टिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, जिससे खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी।

**सूखा गेहूं लाने की अपील, नमी 12% से कम हो**

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे मंडियों में सूखा गेहूं लेकर आएं और नमी 12 प्रतिशत से अधिक न हो। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि इस बार भी खरीद प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के सफलतापूर्वक पूरी की जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, आढ़ती और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## अवैध कॉलोनी पर निगम की मेहरबानी ! रुका काम फिर शुरू,अब वैध करने की तैयारी पर

■ कमिश्नर के ट्रांसफर के बाद बदला रुख, नियमों के उलट बन रही बहुमंजिला बिल्डिंग, अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



हल्का नॉर्थ के पीरू बंदा मोहल्ले के पास करीब 2700 वर्ग गज में काटी जा रही एक कॉलोनी को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। शिकायतों के बाद पहले जहां इस अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए काम रुकवा दिया गया था, वहीं अब दोबारा तेजी से निर्माण शुरू हो गया है और इसे वैध करने की कोशिशें भी जारी हैं।

जानकारी के अनुसार, इस कॉलोनी में से करीब 200 गज जमीन निगम को ट्यूबवेल लगाने के लिए दी गई थी। पहले तैनात कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जोन-ए के एटीपी गुरविंदर सिंह लक्की को जांच सौंपी थी। इसके बाद मौके पर नोटिस चिपकाए गए और एक बार कार्रवाई भी हुई, जिससे निर्माण कार्य रुक गया था। हालांकि, कमिश्नर के ट्रांसफर के बाद हालात बदल गए। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों की कथित मिलीभगत और राजनीतिक दबाव के चलते दोबारा निर्माण शुरू हो गया। अब यहां बेसमेंट समेत बहुमंजिला इमारत लगभग तैयार खड़ी है।

सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कॉलोनी को वैध दिखाने के लिए एक नई तरकीब अपनाई जा रही है। कॉलोनी की बिल्डिंग को निगम के अधीन एक प्लॉट से जोड़कर फीस जमा करवाई जा रही है, ताकि इसे नियमों के अनुसार दिखाया जा सके। जबकि हकीकत में यह पूरी बिल्डिंग उसी अवैध कॉलोनी का हिस्सा है। नियमों के अनुसार, 2700 गज क्षेत्र में बिना उचित लेआउट और मंजूरी के कॉलोनी नहीं काटी जा सकती। ऐसे में सवाल उठता है कि जब कॉलोनी अभी तक नियमित (रेगुलर) नहीं हुई, तो उसमें बनी बिल्डिंग को वैध कैसे माना जा रहा है।

**क्या बोलीं कमिश्नर**

*नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने कहा कि वे पूरे मामले की जानकारी लेंगी। यदि जांच में कोई गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

## गवर्नमेंट हाई स्कूल माओ साहिब में स्टूडेंट्स सम्मानित



शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

गवर्नमेंट हाई स्कूल माओ साहिब में कल स्कूल इंचार्ज कर्नल फिल्लौर की देखरेख और स्कूल प्रिंसिपल नरिंदर कुमार की लीडरशिप में स्कूल के आंगन में एक शानदार सालाना प्राइज़ डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी ऑर्गनाइज़ की गई। इस समय, सालाना फंक्शन की अध्यक्षता स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन लखविंदर सिंह मिंटा ने की। इस फंक्शन में, क्लास VI से X तक एजुकेशन के फील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स और अलग-अलग स्पोर्ट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्लेयर्स को सम्मानित किया गया। इस मौके पर, एजुकेशन रेवोल्यूशन के तहत स्कूल के लिए पंजाब सरकार की तरफ से मिले दो इंटरैक्टिव पैनल भी दिखाए गए। इस मौके पर स्कूल के स्टूडेंट्स ने कल्चरल परफॉर्मेंस भी पेश कीं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत माओ साहिब, मियांवाल, खेला, गुरु अर्जन देव स्पोर्ट्स क्लब माओ साहिब, डॉ. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी माओ साहिब और गांव के अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस समय सरपंच परमिंदर कौर माओ साहिब, महिंदर सिंह संधू बीका, बलजिंदर सिंह जस्सर, रवि भौरा, नवदीप कुमार ब्लॉक समिति सदस्य फिल्लौर, किरपाल सिंह पंच, श्रीमती गेजो सरपंच मियांवाल, अजमेर सिंह, मोहन सिंह ढिल्लों, चमन लाल सिंह, कविश, हरदीप कौर पंच, रेशम कौर आदि मौजूद थे।

## साहनेवाल अनाज मंडी में कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने गेहूं की खरीद शुरू की

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



साहनेवाल विधानसभा क्षेत्र के एमएलए व कैबिनेट मंत्री, हरदीप सिंह मुंडियां ने साहनेवाल अनाज मंडी में गेहूं की खरीद शुरू की।उन्होंने किसानों को बधाई दी और उन्हें सफल सीजन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उनके साथ मार्केट कमेटी साहनेवाल के चेयरमैन हेमराज राजी भी मौजूद थे।कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने अधिकारियों से किसानों की मेहनत से पैदा हुई उपज की तुरंत खरीद और लिफ्टिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को अनाज मंडियों में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और पंजाब सरकार फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए पक्की है।

कैबिनेट मंत्री मुंडियन ने कहा कि किसानों, मजदूरों और आढ़तियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील भी की कि वे मंडी में सिर्फ साफ गेहूं ही लाएं ताकि उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में व्यवस्था पूरी तरह से पूरी है। किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

कैबिनेट मंत्री मुंडियन ने कहा कि गेहूं का मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए बारदाने का सही इंतजाम किया गया है। उन्होंने किसानों से खरीदे गए गेहूं के पेमेंट के बारे में जानकारी दी और कहा कि पेमेंट सीधे किसानों के अकाउंट में किया जाएगा।

उन्होंने फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट, पंजाब मंडी बोर्ड और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मंडियों के कामकाज पर पर्सनली नजर रखने का भी निर्देश दिया ताकि ट्रांसपेरेंसी और एफिशिएंसी बनी रहे। मार्केट कमेटी साहनेवाल के चेयरमैन हेमराज राजी ने कहा कि मार्केट कमेटी साहनेवाल के तहत आने वाली अनाज मंडियों में किसानों के लिए छाया, पानी वगैरह का पूरा इंतज़ाम किया गया है, ताकि किसानों को अनाज मंडियों में किसी भी तरह की मुश्किल का सामना न करना पड़े।

UNITED PRESS CLUB
AVON CYCLES
TITLE SPONSOR
JOURNALIST WELFARE TRUST
JOURNALIST PREMIER LEAGUE
10 APRIL - 03 MAY
POWERED BY DUKE
CO-POWERED BY easyvisa
ASSOCIATES PARTNERS
amy soul | DASMESH Malerkotla, Punjab, India | AnsalWealth Real Estate | Home Loans | Insurance | Worldwide Awarded Sexologist Clinic Dr.YOGI's Health Care +91 9212 222 222 | CGC UNIVERSITY MOHALI Shaping Tomorrow, Today | IOL | KG EXPORTS | CREDAI PUNJAB www.credaipunjab.com | Vaidban Since 1992

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 214